हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 110, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 18 अक्टूबर, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## समलैंगिक शादी को मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

### समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद नहीं ले सकते, मामले पर पांच जजों की पीठ ने की सुनवाई

नई दिल्ली। सेम सेक्स मैरिज यानी समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला सुना दिया है। सीजेआई ने अपना फैसला सुनाते हुए समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि कोर्ट का मानना है कि संसद को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के मामले में फैसला करना चाहिए। इस मामले पर पांच जजों की पीठ ने सुनवाई की। इस मामले पर जजों ने बंटा हुआ फैसला सुनाया। पांच जजों की पीठ में मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल थे।



**बच्चे गोद नहीं ले सकते हैं समलैंगिक जोड़े**- समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद नहीं ले सकते हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल ने अपने फैसले में कहा कि समलैंगिक जोड़े को बच्चे गोद लेने का अधिकार है। वहीं, जस्टिस एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा ने इस पर आपत्ति जताई। इस मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने कहा,"हम समलैंगिक व्यक्तियों के अधिकारों पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों समेत एक समिति गठित करने के केंद्र के सुझाव को स्वीकार करते हैं। समिति इस बात पर विचार करेगी कि क्या समलैंगिक जोड़े को राशन कार्ड, साझा बैंक अकाउंट बनाने , पेंशन में नॉमिनी बनने जैसे अधिकार दिए जा सकते हैं या नहीं।"

**कानून बनाना संसद का काम: सुप्रीम कोर्ट**- समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 21 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि अदालत कानून नहीं बना सकती बल्कि केवल इसकी व्याख्या कर सकती है और विशेष विवाह अधिनियम को बदलना संसद का काम है।


**यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाए: सीजेआई**- इस मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक लोगों के साथ उनके यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाए। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत के कानून बनाने का अधिकार नहीं है, लेकिन कानून की व्याख्या कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ चार फैसले हैं।

## आप सांसद को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, फैसला आने तक सरकारी बंगले में रह सकते हैं राघव चड्ढा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सरकारी बंगले के आवंटन से जुड़ी याचिका पर फैसला सुनाते हुए सांसद राघव चड्ढा की अपील मंजूर कर ली है। चड्ढा को तीन दिनों के भीतर निचली अदालत के सामने अपना रिप्रजेंटेशन देना होगा। चड्ढा ने निचली अदालत के पांच अक्तूबर के आदेश को यहां चुनौती दी थी। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को आवंटित सरकारी बंगले से बेदखल करने से राज्यसभा सचिवालय को रोकने संबंधी एक अंतरिम आदेश को अदालत ने रद्द कर दिया था। याचिका पर दो दिन तक लगातार सुनवाई करने के बाद जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने 12 अक्तूबर को अपना फैसला सुरक्षित लिया था। इस दौरान हाईकोर्ट ने मौखिक तौर पर राज्यसभा सचिवालय के वकील से कहा कि हाईकोर्ट का फैसला आने तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। निचली अदालत ने अपने पांच अक्तूबर के आदेश में कहा था कि चड्ढा यह दावा नहीं कर सकते कि उन्हें आवंटन रद्द होने के बाद भी राज्यसभा सांसद के रूप में अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सरकारी बंगला रखने का अधिकार है। राघव चड्ढा की अर्जी के निपटारे तक वह अपने मौजूदा सरकारी बंगले में ही बने रहे सकते है। बेदखली की कार्रवाई पर रोक वाले निचली अदालत के 18 अप्रैल के आदेश को हाईकोर्ट ने रिवाइव किया है। यह राहत उनकी दूसरी अर्जी के निपटारे तक बनी रहेगी।

## ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 में पीएम मोदी ने दिया मंत्र, बोले- 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर वर्ल्ड'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 का उद्घाटन किया। मालूम हो कि यह समिट का तीसरा संस्करण है। इस संस्करण का आयोजन मुंबई के MMRDA मैदान में किया गया है। पीएम मोदी ऑनलाइन के माध्यम से यहां लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में गोवा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम भी शामिल हुए हैं। ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन में पीएम मोदी ने कहा, "ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण में मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले जब हम 2021 में मिले थे, तब पूरी दुनिया कोरोना की अनिश्चितता से घिरी हुई थी। कोई नहीं जानता था कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा, लेकिन आज दुनिया में एक नया World Order आकार ले रहा है।" पीएम मोदी ने पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वो दिन अब दूर नहीं है, जब भारत, दुनिया के टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा, "इस बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में से एक होगा।" इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों से हम इस सेक्टर को सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। हाल ही में भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की मैरीटाइम इंडस्ट्री के कायाकल्प का सामर्थ्य रखता है। G20 समिट के दौरान इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (IMEEC) पर ऐतिहासिक सहमति बनी है।" इस प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "सैंकड़ों वर्ष पहले सिल्क रूट ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरिडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। पोर्ट कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए हमने हजारों किमी की नई सड़कें बनाई हैं। सागरमाला परियोजना से भी हमारे तटीय क्षेत्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। ये सारे प्रयास रोजगार सृजन और जीवनयापन की आसानी को कई गुना बढ़ा रहे हैं।"



पीएम मोदी ने कहा, "मैरीटाइम टूरिज्म को बढ़ाने के लिए हमने विश्व की सबसे बड़ी 'रिवर क्रूज सर्विस' की शुरूआत की है। भारत अपने अलग-अलग पोर्ट पर इससे जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, "भारत का लोथल गोदी एक विश्व धरोहर है, इसके संरक्षण के लिए लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की स्थापना की जा रही है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि एक बार वहां जरूर आएं!"

GMIS 2023 के तीसरे संस्करण में पीएम मोदी ने कहा, "आने वाले दशकों में, भारत दुनिया के शीर्ष पांच जहाज निर्माण देशों में से एक बनने वाला है। हमारा मंत्र है 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' है। आने वाले समय में, हम देश में कई जगह जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र विकसित करने जा रहे हैं।"

## भाजपा चाहती है हर फैसला दिल्ली में हो, हम इसके खिलाफ, राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना

आइजोल। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मिजोरम के आइजोल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अधिकतर भाजपा नेताओं के बच्चे वंशवादी हैं। अमित शाह का बेटा तो क्रिकेट चला रहा है। वहीं, उन्होंने कहा कि वह विकेंद्रीकरण चाहते हैं, लेकिन भाजपा इसके खिलाफ है। राहुल गांधी ने पत्रकारों से पूछा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे तमाम भाजपा नेताओं के बच्चे क्या कर रहे हैं?



आखिरी बार सुना था कि अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट चला रहा है। उन्होंने कहा, अनुराग ठाकुर जैसे तमाम भाजपा के बच्चे वंशवादी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मिजोरम के लोगों को संदेश देना चाहते हैं, वो बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के पास एक कार्यक्रम है, एक रिकॉर्ड है। बाकी दोनों पार्टियां जेडपीएम और एमएनएफ भाजपा और आरएसएस के राज्य में प्रवेश करने के लिए हथियार हैं। उन्होंने कहा, जब हम संस्कृति, धर्म पर हमले की बात करते हैं, तो उस हमले के साधन भाजपा-आरएसएस और वे दल हैं जो उन्हें राज्य में प्रवेश करने की अनुमति देते हैं। राहुल गांधी ने आइजोल में कहा कि इंडिया गठबंधन देश के 60 फीसदी हिस्से का प्रतिनिधित्व कर रहा है। गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और स्वतंत्रता की रक्षा करके भारत के विचार की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा आपकी मान्यताओं की नींव के लिए खतरा है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं। जबकि भाजपा का मानना है कि सभी फैसले दिल्ली में होने चाहिए। वहीं, आरएसएस का मानना है कि भारत को एक विचारधारा, संगठन द्वारा शासित होना चाहिए। इसका हम विरोध कर रहे हैं।


## 'कांग्रेस एक परिवार से चलने वाली पार्टी है', शशि थरूर बोले- आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन से राहुल गांधी ही बनेंगे पीएम चेहरा

तिरुवनंतपुरम। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गुट आई.एन.डी.आई.ए. ने कमर कस ली है। इसी बीच कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि उन्हें लगता है कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारत गठबंधन सत्ता में काबिज होती तो कांग्रेस पार्टी मल्लिकार्जुन खरगे या पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में नामित कर सकती है। शशि थरूर ने आगे कहा कि ये संभावना है कि आइ.एन.डी. आई.ए. गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर सकती है। सोमवार को तिरुवनंतपुरम में मौजूद टेक्नोपार्क में अपने कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद यूएस-आधारित और सिलिकॉन वैली-इनक्यूबेटेड डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) मार्केटप्लेस वे.कॉम के पेशेवरों के साथ उन्होंने बातचीत की। उन्होंने चुनाव परिणाम के बाद सभी पार्टियों को एक साथ आना होगा और किसी एक नेता को चुनना होगा। हालांकि, मेरा मानना है कि कांग्रेस पार्टी या तो मल्लिकार्जुन खरगे या राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की पेशकश कर सकते हैं क्योंकि कई मायनों में यह परिवार से चलने वाली पार्टी है। पीएम मोदी की नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को चुनौती देने के लिए विपक्षी दल ने दिल्ली, मुबंई, पटना सहित कई जगहों पर मीटिंग की। इन मीटिंग में चुनाव की तैयारियों को लेकर रोडमैप तैयार किया गया। हालांकि, पीएम मोदी के खिलाफ पीएम उम्मीदवार के लिए विपक्षी गुट आई.एन.डी. आई.ए. ने अभी तक कोई चेहरा तय नहीं किया है।



## मेरठ में साबुन फैक्टरी में विस्फोट, चार की मौत और छह घायल, तीन मकान धराशायी

मेरठ। मेरठ के लोहिया नगर स्थित एक मकान में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मकान में संचालित फैक्टरी में हुए जोरदार विस्फोट से पूरा इलाका दहल गया। धमाका इतना तेज था कि जिस मकान में फैक्टरी चल रही थी उसके साथ ही आस पास के दो-तीन मकान और धराशायी हो गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है वहीं छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें मेडिकल में भर्ती कराया गया है। वहीं डीएम व मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। डीएम दीपक मीणा के अनुसार पटाखा फैक्टरी जैसी बात सामने नहीं आई है। मौके से काफी मात्रा में साबुन बिखरा मिला है। जांच कराई जा रही है। बताया कि मकान में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। धमाका इतना जबरदस्त था कि 33 केवी की लाइन के खंभे भी टूट गए। सड़क पर जा रहे कई लोग घायल हो गए। आसपास के मकान भी धमाके से हिल गए। पुलिस के मुताबिक नौचंदी थाना क्षेत्र के रहने वाले संजय गुप्ता का लोहिया नगर में दो मंजिला भवन है। बताया जाता है कि संजय गुप्ता ने भवन का ग्राउंड फ्लोर आलोक रस्तोगी को किराए पर दिया हुआ था, जिसमें वह साबुन फैक्टरी चला रहा था। कुछ दिन पहले ही भवन का फर्स्ट फ्लोर जागृति विहार निवासी गौरव भाटिया ने प्लास्टिक पार्ट की फैक्टरी लगाने के लिए किराए पर लिया था। क्षेत्रवासियों के मुताबिक सुबह लगभग 7:00 बजे तेज धमाके के साथ यह बिल्डिंग धराशायी हो गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास की कई बिल्डिंगों में दरारें आ गईं। वहीं, निकट स्थित एक दूसरी बिल्डिंग की पहली मंजिल की छत भी गिर गई। जिस मकान में फैक्टरी संचालित थी सत्यकाम स्कूल के पास ही है। विस्फोट स्कूल के समय से पहले हुआ अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। विस्फोट से तीन मकान गिरने के साथ दूरदराज के मकान भी हिल गए। सत्यकाम स्कूल के अलावा आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। विस्फोट के कारण इलाके में भगदड़ मच गई। कुछ हादसा समझकर बाहर निकले तो कुछ इसे भूकंप समझने लगे। मौक पर पहुंचने पर लोगों को जानकारी हुई।



## 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजने का लक्ष्य, गगनयान मिशन की समीक्षा बैठक में बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान वैज्ञानिकों से कहा कि भारत को 2040 तक चंद्रमा पर एक आदमी भेजने और 2035 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। वैज्ञानिकों से पीएम मोदी ने नए लक्ष्यों के तहत वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर पर काम करने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि गगनयान मिशन पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान, अंतरिक्ष विभाग ने मिशन का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां जैसे मानव-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम योग्यता शामिल हैं। पीएमओ के अनुसार, ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल के तीन अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है। बैठक में मिशन की तैयारियों का मूल्यांकन किया गया और 2025 तक इसके लॉन्च करने की पुष्टि की गई। बैठक में पीएम मोदी ने निर्देश दिया कि भारत को अब नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर काम करना चाहिए, जिसमें 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक चंद्रमा पर इंसान को भेजना शामिल है। भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के भविष्य पर एक बैठक के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों से अंतरग्रहीय मिशनों की दिशा में काम करने का आह्वान किया, जिसमें एक वीनस ऑर्बिटर मिशन और एक मंगल लैंडर शामिल होगा।

## हो ची मिन्ह में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन, जयशंकर ने कहा- वह राजनीतिक प्रेरणा हैं

हनोई। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के हो ची मिन्ह में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने इस दौरान गांधी जी के योगदान का वर्णन भी किया। वियतनाम के हो ची मिन्ह के तानो दान पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक भी मौजूद थे। जयशंकर ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पर कहा, 'वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक के साथ उद्घाटन में भाग लेने का सौभाग्य मिला। हो ची मिन्ह सिटी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण बहुत महत्वपूर्ण है। यह स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और गरिमा को रेखांकित करता है और यही दोनों देशों को एक साथ लाता है।' जयशंकर ने आगे कहा, 'महात्मा गांधी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा और स्वतंत्रता में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता दी गई है। उनके जन्मदिन दो अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया गया है।' महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए जयशंकर ने कहा कि वह (गांधी जी) न केवल राजनीतिक प्रेरणा के रूप में बल्कि कूटनीति रे प्रेरक के रूप में भी काम करते हैं। उन्होंने बताया साल 1958 में अपनी भारत यात्रा के दौरान वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि हम सभी क्रांतिकारी हो सकते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी महात्मा गांधी के शिष्य हैं।



## कृषि विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अखिल भारतीय किसान मेले का किया उद्घाटन





मेरठ। मेरठ के मोदीपुर स्थित कृषि विवि में आज किसान मेले का उद्घाटन किया गया। 17 से 19 अक्तूबर तक अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने फीता काटकर किया। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लगाए जा रहे मेले का सबसे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया इसके बाद स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद राज्यपाल मंच पर पहुंचीं। राज्यपाल के पहुंचने से पहले कृषि विवि के कुलपति डॉ. केके सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह ने सभी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल दिल्ली से कार द्वारा विवि में पहुंची है। प्रशासन द्वारा गांधी भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को किट भी राज्यपाल द्वारा दी जाएगी। मंच पर राज्यपाल के साथ में केंद्र राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार और कुलपति डॉक्टर केके सिंह मौजूद रहे।

संपादकीय

## ओलंपिक में क्रिकेट, अब बैट बॉल के खेल में भी होगी गोल्ड मेडल की बौछार

आखिरकार क्रिकेट को भी ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया है। इसकी घोषणा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मतदान के बाद की। दो को छोड़ कर सभी देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस फैसले से स्वाभाविक ही क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। क्रिकेट का खेल जिस तरह दुनिया भर में लोकप्रिय हो चुका है, उसमें इसके ओलंपिक में शामिल न रहने को लेकर लंबे समय से निराशा जताई जा रही थी। हालांकि क्रिकेट से संबंधित कई विश्वस्तरीय प्रतिस्पधाएं आयोजित की जाती हैं। विश्वकप का आयोजन भी होता है। इसके बावजूद चूंकि ओलंपिक की अपनी गरिमा है, इसलिए खेल प्रेमी और खुद क्रिकेट खेलने वाले भी ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में इसे शामिल करने के पक्षधर थे। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट को ओलंपिक खेलों में शुमार किया गया। सन 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था, जिसमें इंगलैंड ने फ्रांस को हराया था। अब 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में फिर से क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा हो सकेगी। अभी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति इसका स्वरूप तय करेगी, पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इसमें केवल छह महिला और छह पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी। दरअसल, ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में क्रिकेट को शामिल न करने को लेकर सबसे बड़ी अड़चन इसे खेले जाने की अवधि के मद्देनजर रही है। ओलंपिक में खेले जाने वाले सभी खेल छोटी अवधि के होते हैं, मगर क्रिकेट में पूरा दिन लग जाता है। अगर कभी मौसम खराब हो गया तो खेल को टालना भी पड़ता है। फिर ओलंपिक खेलों का मकसद पुराने, स्थानीय और पारंपरिक खेलों को संरक्षण प्रदान करना, उनमें नए खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना रहा है, इसलिए व्यावसायिक लोकप्रिय खेलों को उसमें शामिल करने से परहेज किया जाता रहा है। इसलिए भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने को लेकर कभी गंभीरता नहीं दिखाई गई। मगर ओलंपिक के छोटे स्वरूप वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल कर लिया गया, तो स्वाभाविक रूप से ओलंपिक समिति पर इसके लिए दबाव बना। फिर जब ओलंपिक संघ ने इंटरनेट माध्यमों पर खेले जाने वाले बिल्कुल नए तरह के खेलों की प्रतिस्पर्धा को भी मान्यता दे दी है, तो क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को इससे बाहर रखने का औचित्य नहीं रह गया था। क्रिकेट के साथ चार अन्य नए खेलों को भी ओलंपिक प्रतिस्पधाओं में शामिल होने की मान्यता दी गई है। क्रिकेट और फुटबाल दो ऐसे खेल हैं, जिनके प्रति दुनिया भर में दीवानगी देखी जाती है। फुटबाल पहले से ओलंपिक में शामिल है। इस तर्क से भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने की मांग जायज थी। ये दोनों खेल अब केवल मनोरंजन का साधन और खिलाड़ियों के कौशल की परख के माध्यम नहीं, बल्कि कमाई का बड़ा साधन भी बनते गए हैं। जितने प्रायोजक इन खेलों को मिलते हैं, उतने किसी खेल को नहीं मिलते। इस तरह इनकी प्रतिस्पधाओं का आयोजन करने वाली समितियां धनी खेल समितियों में शुमार हैं। ओलंपिक में शामिल होने से वहां भी इनके प्रायोजकों की संख्या बढ़ेगी। मगर अब भी यह प्रश्न अपनी जगह बना हुआ है कि क्रिकेट मैच को किस तरह व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे ओलंपिक का अधिक समय खर्च न हो। मगर अब जिस तरह क्रिकेट में बीस ओवर की प्रतिस्पर्धा भी लोकप्रिय होती गई है, इसके समय को व्यवस्थित करना कठिन नहीं होगा। फिलहाल क्रिकेट का ओलंपिक में शामिल होना इसका बड़ा सम्मान है।

## छोड़ रहे सब बाण!



वादे और दावे का ।
छोड़ रहे सब बाण ।।
चल रही जो खबरें ।
हैं उसका प्रमाण ।।
अपने अपने पाले में ।
है करने का काल ।।
एक दूसरे से शुरू ।
है अभी सवाल ।।
हम ही हैं शुभचिंतक ।
याद है दिलाया ।।
रखना थोड़ा धैर्य ।
है उनका सफाया ।।
चालू है प्रचार ।
है यही निचोड़ ।।
ना जब तक परिणाम ।
हम ही हैं बेजोड़ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# नवरात्रि में देवी द्वारा धारण किए गए नौ रूप एवं उनकी कायानुंसार विशिष्टताएं !

**प्रस्तावना** – युगों युगों से नवरात्रि का व्रत किया जाता है। इन नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है । नवरात्रि के निमित्त हम इन देवियों के नौ रूपों की महिमा जान कर लेंगे ।नवरात्रि का व्रत अर्थात आदि शक्ति की उपासना है। देवी के नौ रूपों के बारे में आज हम इस लेख के माध्यम से जानने वाले हैं ।

देवी के नौ रूपों के बारे में ! देवीकवच में लिखा हुआ निम्न श्लोक एवं उसका अर्थ दे रहे हैं ।

**प्रथमं शैलपुत्रीति द्वितीयं ब्रह्मचारिणी ।**
**तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम् ।।**
**पञ्चमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च ।**
**सप्तमं कालरात्रिश्च महागौरीति चाष्टमम् ।।**
**नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा: प्रकीर्तिता: ।**
**उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ।।**

**अर्थ** : प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी ,तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंदमाता, छठवीं कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी एवं नौवीं सिद्धिदात्री, ऐसे ये नव दुर्गा के नौ नाम साक्षात ब्रह्म देव ने बतलाए हैं।

नवरात्रि में नौ दिन देवी के उपरोक्त नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन आदिशक्ति देवी का प्रकट होने वाला शैलपुत्री रूप !

**वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।**

**अर्थ : मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृषभ पर आरूढ, त्रिशूल धारिणी, वैभवशाली ऐसी शैलपुत्री देवी को इच्छित मनोकामना पूर्ण हो इसलिए मैं वंदन करता हूं।**

**शैलपुत्री** : पर्वत राज हिमालय की कन्या होने के कारण उन्हें शैलपुत्री ऐसे संबोधित किया जाता है। समस्त देवताओं के अहंकार का भी हरण करने वाली शैलपुत्री को हैमवती भी संबोधित किया जाता है। भक्तों के मनोवांछित पूर्ण करने वाली, चंद्रालंकार धारण करने वाली, वृषभ आरूढ,त्रिशूल धारिणी एवं यश प्राप्त करवाने वाली शैलपुत्री देवी के चरणों में कोटि-कोटि वंदन।

**नवरात्रि के दूसरे दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का रूप"ब्रह्मचारिणी" !** – ब्रह्मचारिणी यह देवी सती का अविवाहित रूप है। ब्रह्मचारिणी इस नाम में ब्रह्म अर्थात शुद्ध आत्म तत्व एवं ब्रह्मचारिणी अर्थात आत्म तत्व की उपासना में सतत रत (मग्न), रहने वाली पार्वती ने शिव पति रूप में प्राप्त हो इसलिए महर्षि नारद के बतलाने पर सहस्त्रों वर्ष कठिन तपश्चर्या की ।अंत के कुछ सहस्त्र वर्ष वह केवल बिल्व पत्र के आहार पर रहीं, एवं अंत में उन्होंने बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिया तब उसे अपर्णा यह नाम प्राप्त हुआ। पर्ण अर्थात पत्ता एवं अपर्णा अर्थात व्रत पालन करते समय जिसने पत्तों के सेवन का भी त्याग कर दिया वह ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप ज्योतिर्मय एवं भव्य है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्म देव ने आकाशवाणी के माध्यम से बताया देवी आज तक आपके जैसी एक निष्ठ होकर किसी ने भी साधना नहीं की। तुम्हें साक्षात शिव शंकर पति रूप में प्राप्त होने वाले हैं ।देवी ने संसार के सामने ईश्वर प्राप्ति के लिए अखंड साधना करके अविरत साधना का अति उत्तम आदर्श रखा है।

**चंद्रघंटा यह आदिशक्ति का तीसरे दिन प्रकट होने वाला रूप !** – देवी चंद्रघंटा यह पार्वती का विवाहित रूप है ।देवी पार्वती का शिव से विवाह होने के बाद देवी ने अपने मस्तक पर घंटा रूप में अलंकार अर्थात गहने के रूप में चंद्र धारण किया है। देवी का चंद्रघंटा यह रूप सदैव शस्त्र युक्त होता है ।वह दश भुजा है व उनकी कांति सुवर्णमय है। चंद्रघंटा देवी के घंटे से निकलने वाली चंड ध्वनि से दानव सदैव घबराते हैं ।देवी चंद्रघंटा भक्तों के जीवन के दुख दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं ।देवी उनके भक्तों के जीवन से भूत, प्रेत एवं पिशाच बाधा दूर करती हैं।

**आदिशक्ति का नवरात्रि के चौथे दिन प्रकट होने वाला कूष्मांडा रूप ! – कूष्म अर्थात स्मित हास्य" !** – कूष्मांडा अर्थात केवल अपने स्मितहास्य से ब्रह्मांड की उत्पत्ति करने वाली ।जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था एवं सर्वत्र अंधकार था उस समय देवी ने कूष्मांडा रूप में केवल हास्य से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। कूष्मांडा यह आदि शक्ति का आदि स्वरूप है। सूर्य मंडल के अंदर जो शक्ति है वही कुष्मांडा है ।कूष्मांडा देवी अष्टभुजा देवी है ।संस्कृत भाषा में भूरे कुम्हडे को भी कूष्मांड कहा जाता है ।कुष्मांडा देवी को भूरे कुम्हडे की बली अत्यंत प्रिय है ।कुष्मांडा देवी भक्तों के रोग एवं शोक दूर करने वाली एवं आयुष्य वृद्धि करने वाली देवी है ।देवी के इस नाम के विषय में अनेक पाठ भेद हैं।

**आदिशक्ति देवी का नवरात्रि के पांचवें दिन प्रकट होने वाला स्कंदमाता रूप !** – बाल रूप कार्तिकेय को गोद में ली हुई आदिशक्ति ज्ञान दायिनी होने के कारण उनका स्कंदमाता यह ज्ञान स्वरूप है। देवताओं के सेनापति अर्थात कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है ।स्कंद माता अर्थात कार्तिकेय की माता ।इस अर्थ से देवी का एक नाम स्कंदमाता ऐसा भी है नवरात्रि की पंचमी तिथि को आदिशक्ति की स्कंदमाता इस रूप में पूजा की जाती है ।इस रूप में देवी की गोद में भगवान कार्तिकेय बाल रूप में बैठे हैं। चतुर्भुज स्कंद माता सिंह पर आरूढ है ।इस रूप में देवी ज्ञान दायिनी है ।इस रूप में स्कंदमाता ने बाल रूप के कार्तिकेय को स्वरूप का ज्ञान दिया इसलिए वह ज्ञान स्वरूपिणी है।

**नवरात्रि के छटवें दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का भय,शोक दूर करने वाला "कात्यायनी "रूप !** – महर्षि कत के पुत्र कात्य ऋषि एवं कात्य ऋषि के पुत्र महर्षि कात्यायन। महर्षि कात्यायन की इच्छा थी कि देवी उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लें। इसलिए उन्होंने



आदिशक्ति की कठोर तपश्चर्या की थी ।महर्षि की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने योग्य समय आने पर आपके घर में पुत्री के रूप में जन्म लूंगी ऐसा उन्हें बताया ।कालांतर में महिषासुर का आतंक बढ़ने से ब्रह्मा विष्णु एवं महेश इनकी संयुक्त ऊर्जा से जिस शक्ति स्वरूपिणी की उत्पत्ति हुई उस शक्ति ने अश्विन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को कात्यायन ऋषि के यहां जन्म लिया। देवी ने कात्यायन ऋषि के यहां जन्म लिया इसलिए उन्हें कात्यायनी कहा जाता है। दुर्गा, भवानी, चामुंडा यह सब कात्यायनी देवी के ही रूप हैं। नवरात्रि के छठवें दिन देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है।

**नवरात्रि के सातवें दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का कालरात्रि रूप अर्थात शुभंकरी !** – नवरात्रि के सातवें दिन देवी कालरात्रि की पूजा की जाती है ।कालरात्रि देवी का रंग काला है। इस देवी के उच्छवास से अर्थात सांसों से अग्नि की ज्वालाएं निकलती हैं। देवी के ब्रह्मांड के समान गोल आकार के तीन नेत्र हैं। उनका वाहन गर्दभ (गधा) है। कालरात्रि का रूप भयंकर है, परंतु वह हमेशा शुभ फल देने वाली है इसलिए ही कालरात्रि देवी को शुभंकरी (मंगलदायिनी) ऐसा नाम दिया गया है ।देवी कालरात्रि अर्थात आदि शक्ति का विनाशकारी रूप। देवी का यह रूप देखकर सभी दानव, भूत प्रेत आदि डरते हैं ।कालरात्रि देवी की उपासना करने से ग्रह पीडा, अग्निभय, जल भय, जंतु भय एवं शत्रु भय दूर होता है ।कालरात्रि देवी शुभंकरी होने से वह पापनाशिनी एवं पुण्य प्रदायिनी है। काली, कालिका यह कालरात्रि के ही रूप हैं।

**नवरात्रि के आठवें दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का महागौरी रूप !** – शिव पति रूप में प्राप्त हों इसलिए देवी द्वारा की गई कठोर तपस्या से उनका शरीर काला पड़ गया, शिव ने प्रसन्न होकर उन्हें पवित्र गंगाजल से नहला दिया तब देवी का गौर रूप दिखने लगा, इसलिए उसे महागौरी कहा जाता है। नवरात्रि की अष्टमी तिथि को आदिशक्ति की महागौरी इस रूप में पूजा की जाती है ।इस रूप में देवी को आठ वर्ष की कन्या माना गया है। देवी द्वारा धारण किए हुए वस्त्रों का रंग सफेद है ।देवी की चार भुजाएं हैं एवं देवी का वाहन वृषभ है ।देवी ने छोटी उम्र में ही शिव को पति मान लिया था। आदिशक्ति उनके महागौरी रूप में भक्तों के ताप, पाप एवं संचित धो डालती हैं, ऐसा शास्त्रों में कहा गया है। संक्षेप में महागौरी की उपासना से भक्त पवित्र हो जाता है एवं उसकी अंतर बाह्य शुद्धी होती है। महागौरी की विशेषता यह है कि यह देवी मनुष्य को सत की ओर जाने की प्रेरणा देती है।

**आदिशक्ति का योग माया स्वरूप एवं उन्होंने किया हुआ असुरों का संहार !** – अष्टमी यह तिथि आदिशक्ति से संबंधित है ।कृष्ण अष्टमी को श्री कृष्ण के जन्म से पहले आदिशक्ति स्वयं योग माया के रूप में जन्म लेती हैं ।योग माया अर्थात जगत जननी ही। उसकी माया अनंत एवं अवर्णनीय है ।यही योग माया श्री विष्णु के श्री राम अवतार के समय सीता बनकर आई एवं रावण असुर के बंधन में रहीं ।साक्षात आदि शक्ति को एक असुर के बंधन में रहने का क्या काम? परंतु यही उसकी माया है जो कोई भी समझ नहीं सकता। आदिशक्ति योग माया की सहायता से श्री विष्णु ने मधु एवं कैटभ इन असुरों का नाश किया ।केवल योग माया की कृपा से ही श्री विष्णु ने अत्यंत बलशाली मधु एवं कैटभ इन असुरों का नाश किया ।यह कहानी सबको मालूम ही होगी। ऐसी इस जगत जननी, महामाया, दैत्य संहारिणी, त्रिभुवन नायिका श्री दुर्गा देवी का विजय हो!'

**नवरात्रि के नौवे दिन प्रकट होने वाला आदिशक्ति का सिद्धिदात्री रूप !** – अष्ट महासिद्ध प्राप्त एवं भक्तों की लौकिक एवं पारलौकिक इच्छाएं पूर्ण करने वाली देवी सिद्धिदात्री की नवरात्रि के नौवें दिन पूजा की जाती है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, इशित्व एवं वशित्व यह आठ सिद्धियां हैं। इन सि द्धियों को प्रदान करने वाली देवी सिद्धिदात्री हैं ।श्री सिद्धिदात्री देवी भक्तों की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों इच्छाएं पूरी करती हैं ।सभी भक्त ईश्वर प्राप्ति की इच्छा करें ऐसा नहीं है, जिसको सिद्धि प्राप्ति की इच्छा हो उसे सिद्धिदात्री देवी सिद्धि प्रदान करती हैं, एवं जिसे अष्ट सिद्धियों का स्वामी ईश्वर चाहिए उसे वह ईश्वर की प्राप्ति करवा देती हैं, अर्थात वह मोक्ष दायिनी हैं ।ऐसी मोक्षदायिनी सिद्धिदात्री देवी के चरणों में कोटीशः नमन !

**महामाया आदि शक्ति को शरण जाना यही एक मात्र मार्ग होना !**'– मनुष्य रूप में देवता अथवा असुर इनको ना पहचान पाना यह भी आदि शक्ति की योग माया है। आज हम कलियुग में हैं ।अन्य युगों की अपेक्षा यह युग कठिन है एवं स्थूल है। इस युग में भगवान ने मनुष्य रूप में अवतार लिया अथवा असुर मनुष्य रूप में है यह समझना कठिन है।

**आदिशक्ति अर्थात ईश्वर का शक्तिस्वरूप जिससे संपूर्ण सृष्टि का कार्य अनवरत रूप से चलते रहना** – आदिशक्ति के संदर्भ में उपरोक्त लेख से आदि शक्ति के बिना हमारा अस्तित्व नहीं है यह ध्यान में आएगा। संक्षिप्त में कहा जाए तो आदिशक्ति भगवान की ही शक्ति है, जिसके कारण ईश्वर द्वारा निर्मित की हुई सृष्टि का चक्र चालू रहता है। जैसे अग्नि एवं अग्नि की दाहकता एक ही है, वैसे ही ईश्वर एवं उनकी शक्ति एक ही है। निर्गुण ईश्वर का सगुणत्व शक्ति के कारण ही है ।त्रिगुणों के आधार से आदि शक्ति ही सभी कार्य करती है एवं सबसे कार्य करवा लेती है, भले ही वे ईश्वर हों अथवा दानव, अथवा मनुष्य इन सबसे होने वाले कार्य आदि शक्ति की कृपा से ही होते हैं।

**सब कुछ आदिशक्ति की इच्छा से होता है इसलिए उसकी शरण जाना यही एकमात्र मार्ग होना** – कुछ लोगों को प्रश्न आता है सब कुछ आदि शक्ति की इच्छा से ही होता है तो हम परिश्रम क्यों करें ? हम काम क्यों करें? इसका उत्तर भी आदि शक्ति ही है ।हम शांत बैठे ऐसा सोचें तो भी हम शांत बैठ नहीं सकते। येन केन प्रकार आदि शक्ति हम सबसे कार्य करवा ही लेती है ।कर्म करते रहना एवं आदि शक्ति को शरण जाना इतना ही हम कर सकते हैं। मैं कर्म ही नहीं करूंगा ऐसा कहना अयोग्य है, जो कर्म हमें मिला है वह कर्म योग्य प्रकार से करने की शक्ति हमें प्राप्त हो ऐसी उस जगत जननी आदिशक्ति के चरणों में प्रार्थना है।

उस आदिशक्ति की अनन्य भाव से भक्ति करने के नौ दिन अर्थात नवरात्रि ।आदि शक्ति की कृपा सब पर समान रहती है, परंतु जिसकी जैसी भक्ति उसे वैसी देवी की कृपा प्राप्त होती है।

# भारत में रोजगार के अवसरों में हो रही तेज वृद्धि को देखकर दुनिया हैरान है

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय सनातन संस्कृति के बारे में विवेचन करते हुए, भारत में रचित वेद, पुराण एवं परम्पराओं के अनुसार, राजा का यह कर्तव्य माना गया है कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध हो, राजा ऐसी व्यवस्था करे। जब तक भारतीय सनातन संस्कृति का भारत में पालन होता रहा, तब तक लगभग समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध होता रहा। प्राचीन भारत में विशेष रूप से गांवों में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध रहते थे एवं शहरों की ओर पलायन भी बहुत कम होता था। बेरोजगारी की समस्या के बारे में तो भारत के प्राचीन शास्त्रों में वर्णन ही नहीं मिलता है। समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध रहता था एवं वे अपने परिवार के समस्त सदस्यों का भरण पोषण करने में सक्षम रहते थे एवं परिवार के समस्त सदस्यों के साथ प्रसन्नता एवं उत्साह के साथ रहते थे। जबकि आज की परिस्थितियों के बीच, वैश्विक स्तर पर, बेरोजगारी की समस्या एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर रही है।

भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए भारत आज आर्थिक प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था पूरे विश्व की लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। वर्ष 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान पर थी जो आज 5वें स्थान पर पहुंच गई है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति को देखते हुए अब उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2027-28 के पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी एवं यह अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगी। भारत में केंद्र सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि न केवल देश की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़े बल्कि भारत में युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हों। इस दृष्टि से भारत में अब अच्छी खबर आई है। भारत में अगस्त 2023 माह में 46.21 करोड़ नागरिकों को रोजगार मिला हुआ था जबकि अगस्त 2022 में 43.02 करोड़ नागरिकों को ही रोजगार प्राप्त था, इस प्रकार एक वर्ष के दौरान 3.19 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा वर्ष 2017 के बाद से प्रतिवर्ष देश में (जुलाई-जून वार्षिक अवधि के बीच) श्रम शक्ति सर्वेक्षण, यह जानने के लिए किया जाता है कि भारत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी एवं रोजगार की कैसी स्थिति है। हाल ही में जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के बीच यह सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न हुआ है। इस सम्बंध में जारी किए गए प्रतिवेदन में भारत में रोजगार की स्थिति के बारे में कई अच्छे तथ्य उभरकर सामने आए हैं। भारत में 15 वर्ष एवं इससे अधिक की आयु वाले नागरिकों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी की दर में लगातार अतुलनीय रूप से सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम शक्ति भागीदारी की दर वर्ष 2017-18 में 50.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 60.8 प्रतिशत हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वर्ष 2017-18 में 47.6 प्रतिशत से बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार, पुरुषों में यह दर वर्ष 2017-18 में 75.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 78.5 प्रतिशत एवं महिलाओं में यह दर वर्ष 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार, भारत में 15 वर्ष एवं अधिक की आयु के नागरिकों के बीच कर्मचारी जनसंख्या अनुपात में भी अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारी जनसंख्या अनुपात वर्ष 2017-18 के 48.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 59.4 प्रतिशत हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 43.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 47.7 प्रतिशत हो गया है। पुरुषों के बीच यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 71.2 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 76 प्रतिशत हो गया है और महिलाओं में यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 22 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गया है। जब देश में श्रम शक्ति भागीदारी की दर एवं कर्मचारी जनसंख्या अनुपात में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है तो स्वाभाविक रूप से भारत में बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। उक्त सर्वेक्षण के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 में 5.3 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022-23 में घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 7.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 5.4 प्रतिशत पर आ गई है। पुरुषों के बीच बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 3.3 प्रतिशत हो गई है तो वहीं महिलाओं के बीच बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 5.6 प्रतिशत से वर्ष 2022-23 में घटकर 2.9 प्रतिशत हो गई है। भारत में आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में यदि रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं तो यह एक बहुत अच्छा सुधार है। इसी प्रकार, भारत में पुरुषों के बीच यदि बेरोजगारी की दर काफी कम हो रही है तो भारतीय महिलाओं को श्रम बाजार में उतरना ही होगा और ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है, अतः यह भी एक उत्तम सुधार है। भारत में महिला शक्ति यदि श्रम बाजार में उतरती है तो भारत में मजदूरी की दरों को भी संतुलित रखा जा सकता है जिससे उत्पादों की लागत में तेज वृद्धि को रोका जा सकेगा और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समत तक प्रतिस्पर्धी बने रह सकेंगे।

## विश्व हिंदू महासंघ की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रखर मिर्जापुर। नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम सभा टेढुआ में विश्व हिंदू महासंघ मिर्जापुर के जिला महामंत्री दीपक त्रिपाठी के आवास पर विश्व हिंदू महासंघ की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पांडे ने जनपद मिर्जापुर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए संगठन विस्तार पर विशेष बल दिया साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक में विंध्याचल मंडल प्रभारी राकेश सिंह (राजू), जिला अध्यक्ष गौ रक्ष प्रकोष्ठ अरुण कुमार द्विवेदी, जिला मंत्री डॉ विनोद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला संयोजक गोविंद शंकर ओझा ने किया वहीं बैठक में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार जिला प्रभारी प्रमोद कुमार गोस्वामी ने किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर निर्णय के साथ-साथ नई नियुक्ति जिला उपाध्यक्ष पवन गिरी, विधानसभा अध्यक्ष चुनार बाल गोविंद त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पंकज पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष जमालपुर अमित कुमार ,नारायणपुर शिवम त्रिपाठी की हुई तथा संगठन में प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति ने प्रदेश उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश मंत्री अजय जायसवाल को संगठन से निष्कासित किया।

## मनाया गया सोसाइटी द्वारा सर सैय्यद अहमद डे

प्रखर जौनपुर ।मुस्लिम एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी ने सर सैयद अहमद खान की मनाई जयंती जौनपुर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान के जन्मोत्सव के मौके पर उक्त सोसाइटी द्वारा मदरसा अरबिया कादरिया मियांपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,मुख्य अतिथि पत्रकार रियाजुल हक ने बताया की सर सैय्यद होना बहुत बड़ी बात है,इकरा आयत को साक्षात करने वाले सर सैय्यद ने एक मुहिम चलाई और कौम और समाज को इल्म की तरफ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया आज कौम के लोग अलीगढ़ जैसी यूनिवर्सिटी से तालीम हासिल कर रहे है,आज भी कौम को न जाने कितने सर सैय्यद जैसे लोगो की जरूरत है ।बख्तियार ने कहा की इल्म से ही किसी राष्ट्र का विकाश हो सकता है,कार्यक्रम का संचालन शाहिद कमाल के द्वारा किया गया। मदरसे के बच्चों को सर सैयद अहमद खान की जीवनी के बारे में अन्य वक्ताओं द्वारा बताया गया, इस मौके पर, इरफान, हाफिज अब्दुल करीम,आफाक अहमद,वसीक अहमद ,आयत रजा खान ,मो साकिब अली, अशियम खान,सहित मदरसे के तमाम बच्चे मौजूद रहे!

# पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति के तहत लगाई चौपाल, छात्राओं को किया जागरूक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को जंगीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा मिशन शक्ति के तहत चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्कूल की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिस कर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं को महिला संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1090, 1076, 1098, 181, 112, 102 और 108 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा उन्हें यह भी बताया गया कि इन नंबरों पर आपकी शिकायत सुनने के लिए



महिला कर्मी को ही नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने वहां उपस्थित महिलाओं से उनकी विभिन्न समस्याओं को भी सुना तथा उसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित भी किया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, थानाध्यक्ष जंगीपुर मय फोर्स मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अन्तर्गत की गई कार्यवाही



प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर नकली, अधोमानक, नारकोटिक दवाओं की विक्री / भंडारण पर रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक कुमार सौमित्र ने आज 16 अक्टूबर को चुनार बाजार में संचालित में. न्यू वर्मा मेडिकल, में.सुभम मेडिकल स्टोर, में.सिंह मेडिकल स्टोर ,जमुई में स्थित पंकज मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया गुणवत्ता की जांच के लिए 4 औषधियों का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर औषधि अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी ,उन्होंने दवा दुकानदारों को निर्देशित किया की शासन द्वारा जो संख्या निर्धारित की गई है उतनी मात्रा में नारकोटिक दवाओं का भंडारण करे और डॉक्टर के पर्चे के माध्यम से ही नारकोटिक दवाओं को बेचे ,अगर कोई दवा दुकानदार बिना डॉक्टर के पर्चे के नारकोटिक दवा की विक्री करते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी , औषधि निरीक्षक ने थोक दवा दुकानदारों को निर्देशित किया कि केवल लाइसेंस धारक दवा दुकानदारो को ही विक्रय करे।

## ताड़का वध का मंचन देखने उमड़ी लीला प्रेमियों की भीड़

प्रखर अहरौरा, मीरजापुर। चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर चल रहे श्री बाल रामलीला महोत्सव में ताड़का वध लीला का सुंदर मंचन किया गया। ताड़का वध देखने के लिए लोगों की भीड़ रही।



सोमवार की रात आयोजित रामलीला में दिखाया गया कि ऋषि-मुनियों पर राक्षसों का अत्याचार बढ़ने के कारण महर्षि विश्वामित्र अयोध्या जाते हैं और राजा दशरथ से राक्षसों के संहार के लिए भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को मांग कर लाते हैं। महर्षि विश्वामित्र दोनों को घनघोर दंडक वन में लेकर जाते हैं, जहां पर राक्षसी ताड़का का वास होता है। दंडक वन में आकर भगवान राम और राक्षसी ताड़का के बीच भयानक युद्ध होता है। जिसमें मारीच व सुबाहु की बहन राक्षसी ताड़का का भगवान श्रीराम वध कर देते हैं। इसके बाद ताड़का के दोनों भाई मारीच और सुबाहु के साथ भगवान श्रीराम का युद्ध होता है। इसके बाद अहिल्या उद्धार के लीला का मंचन देख भक्त भाव विभोर हो जाते हैं। इस दौरान अध्यक्ष कुमार आनंद,बृजेश,कामेश्वर,अश्वनी,विकास,सक्षम,सतीश,धीरज,रौनक,कान्हा,किशन,पुण्य,प्रवीन सहित अन्य रहें। व्यास की भूमिका शिरीश्चंद्र ने निभाया।

## मारपीट, गाली गलौज व धमकी से संबंधित वारंटी चढ़ा दुल्लहपुर पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को रात्रि मे वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तो व गैर जमानती वारण्टीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान मे थाना दुल्लहपुर पुलिस के द्वारा मु0अ0सं0 177/19 धारा 323,504,506,353 से सम्बन्धित वारंटी चन्द्रबल्ली पुत्र हनीफ नट निवासी छतमा थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विश्व स्तरीय महानाट्य 'जाड़ता राजा ' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बैठक का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी जनपद के सम्मानित उद्योगपतियों के साथ (21 से 26 ) नवम्बर तक आयोजित शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व स्तरीय महानाट्य 'जाड़ता राजा ' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक बैठक आयोजित की गई` उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रचारक रमेश जी , मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य शांतनु जी महाराज एवं मुख्य वक्ता के रूप में अनिल ओक ,राष्ट्रीय सह व्यवस्था प्रमुख ने सबका मार्गदर्शन किया। अनिल ओक ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिवाजी का व्यक्तित्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना मुगल काल में था उन्होंने



कहा देश के हर नागरिक से ये अपेक्षा है कि वो राष्ट्र को प्रथम मानकर सेवा करें और शिवाजी महाराज के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि है जाइता राजा महानाट्य केवल एक नाटक नहीं अपितु अपने देश को जानने का अवसर है। कार्यक्रम में वाराणसी उद्योग संघ के अध्यक्ष आर. के. चौधरी ,दीपक बजाज, राजेंद्र गोयनका, आयुष जायसवाल, बृजेश पांडेय, विपिन सिंह, संजय अग्रवाल, हरीश वालिया, अमित अग्रवाल , मयंक जायसवाल, पवन सिंह, अजय सिंह आदि अनेकों गणमान्य उद्योगपति उपस्थित थे।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



प्रखर पटहेरवा, कुशीनगर। न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बभनौली में हुआ, जिसमें रजवटिया न्याय पंचायत के बच्चों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाया तो वही शिक्षको ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में आजाद और बालिका वर्ग में अन्नू प्रथम स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में अफीमा व बालक वर्ग में अंकुश प्रथम रहे। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में नासिर तथा बालिका वर्ग में सिंपी प्रथम स्थान पर रही। 100 मी. दौड़ में बालक वर्ग में नन्हे तथा बालिका वर्ग में गुलशन प्रथम स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में नासिर व 400 मीटर में बिनय प्रथम स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग साधना प्रथम स्थान पर रहीं। कबडडी में प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में मेहदीया व बालक वर्ग में बसन्तपुर की बच्चियां अव्वल रही तो वही जूनियर में बालिका वर्ग में बभनौली व बालक वर्ग में पड़री विशुनदयाल के बच्चे प्रथम स्थान पर रहे। बाद में विजयी प्रतिभागियों को जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, रजीमुल्लाह अंसारी व अनिता भारती ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शम्भू प्रसाद, बृजमोहन तिवारी, ऋषिकेश प्रजापति, व्यास कुशवाहा, राकेश गुप्ता, रमेश सैनी, नलिनी गुप्ता, नवनीत तिवारी, इफ्तिखार अंसारी, अवन्तिका सिंह, रंजीत सिंह, आनन्द शर्मा, उमेश चौरसिया, रामेश्वर पाल आदि शिक्षक, अनुदेशक व अभिभावक मौजूद रहे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सक्रियता से यात्री की बची जान

प्रखर मिजार्पुर। नवरात्रि मेला के तहत विन्ध्य क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह पर पण्डाल लगाकर यात्रियों की तबियत खराब होने पर उनका उपचार किया जा रहा है इसी के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा प्रातः 07 बजे काली मार्ग स्थित कैम्प का निरीक्षण कर रहे थे कि तेज गति से आ रही गाड़ी ने एक महिला को धक्का मार दिया जिससे वह घायल हो गई और परिवार वाले सड़क के किनारे लेकर उपचार के लिए परेशान थे उसी दौरान सीएमओ की गाड़ी उसी दौरान उसी रास्ते से गुजर रही थी तब सीएमओ और उनके चालक रामजी गुप्ता ने तुरन्त उसके उपचार के लिए एम्बुलेन्स बुलाकर उसको तत्काल उपचार के लिए मण्डलीय चिकित्सालय पहुंचवाने का कार्य किया। इसके साथ ही विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट आदेश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही कोई क्षम्य नही होगा। इसलिए किसी भी मरीज की तबियत खराब होने की सूचना मिलती है तो उसका तत्काल उपचार करने का कार्य करे।

## ग्राम पंचायत बासपार के माही में गौशाला निर्माण के लिए भूमि का हुआ सीमांकन

प्रखर सहजनवां।विकास खण्ड पिपरौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बासपार गांव के माही टोले में गौशाला निर्माण का रस्ता साफ हो गया है। उसके लिए भूमि का चयन भी हो गया था और राजस्व टीम द्वारा भूमि का सीमांकन भी किया जा चुका है और जल्द भूमि के निर्माण के लिए कार्य सुरु किया जायेगा। अब किसानों को अब छुट्टा पशुओं से राहत मिलेगी। पिपरौली क्षेत्र में गौशाला निर्माण नहीं होने से छुट्टा पशु फसल को चरकर रौदकर बर्बाद कर रहें थे। जो किसानों की बड़ी समस्या थी। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखकर इसका निर्माण कराया जा रहा है। बीडीओ बृजेश कुमार यादव ने बताया कि वसुधा गांव के माही टोले में गाटा संख्या 281 और 294 करीब 1 एकड़ की भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उसे एसडीएम कुंवर सचिन सिंह के निर्देश पर गौशाला निर्माण के लिए भूमि चयनित कर दी गयी थी।जिसमे गाटा संख्या 99 रकबा 0.340हेक्टेयर भूमि का सीमांकन राजस्व टीम द्वारा किया गया है जिससे गौशाला का निर्माण कार्य किया जा सके ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा के तहत गौशाला का निर्माण किया जाना है तकनीकी सहायकों को एस्टीमेट बनाने का आदेश जारी कर दिया गया है।जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ



कर दिया जाएगा। इससे पहले पिपरौली ब्लाक के पांच वर्ष पहले नरकटहा में गौशाला का निर्माण हुआ था। जिसमें आठ लाख खर्च भी हुआ। लेकिन लिंक एक्सप्रेसवे के बीच में आ जाने की वजह से उसका निमार्ण कार्य बंद कर देना पड़ा। इस दौरान लेखपाल सुनील सिंह, बरुण सिंह, अशोक वर्मा,ग्राम सचिव प्रतिमा सिंह, जेई, प्रधान प्रतिनिधि गंगा पांडेय,हरिगोबिन्द उर्फ पिंटू चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पीजी कालेज धरने के छठवें दिन विद्यालय के प्रतिनिधी मण्डल की वार्ता विफल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने छठवें दिन मंगलवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने छात्रहित में उठाये गये मुद्दों को लेकर महाविद्यालय प्रशासन का ध्यान अपने तरफ आकर्षित करने के लिए धरना स्थल पर थाली बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। बताते चलें कि छात्र विगत छः दिनों से 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में धरना दे रहे हैं।

पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा संघर्षरत छात्रों के मांग पर विचार एवं उनसे वार्ता करने हेतु धरना स्थल पर उनके द्वारा गठित तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में डाँ एस.एन.सिंह, डॉ रामदुलारे व डॉ गोपाल यादव जी के मौखिक प्रस्ताव को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया कि जब तक वास्तविक रूप से धरातल पर लिखित वार्ता परिचर्चा पर विचार नहीं होगा तब तक हम सभी का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी




रहेगा।

छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है।

धरना में शामिल छात्र नेता आकाश कुमार चौधरी, शनि साहनी, अमृतांश बिंद, निलेश बिंद,कृष्णानंद शर्मा, समर सिंह यादव, सत्यम शर्मा, शिवम कुशवाहा, धनंजय कुशवाहा, प्रिंस प्रजापति, विकास यादव, हरिओम तिवारी, शैलेश यादव, अभिषेक यादव, आकिब खान, जितेंद्र राय, धीरज सिंह, दीपक कुमार, गोलू यादव, संजीत कुमार, शिवा रावत, विवेक कुमार, आरती बिंद, पीयूष कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, सूरज कुमार ,संदीप चौहान, राकेश यादव, ईश्वर यादव, अमन अंसारी, रविकांत यादव, सुजीत यादव,अनूप यादव , प्रशांत कुमार बिंद,अरविंद कुमार निषाद, राहुल कुमार , निखिल राज भारती, विवेक कुमार आर्या अरूण प्रजापति, आदित्य कुमार आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्लोबल एथेनॉल समिट का हुआ आयोजन



प्रखर गोरखपुर। यूएस ग्रेन काउन्सिल द्वारा ग्लोबल एथेनॉल उत्पादन प्रक्रिया पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और यह ग्लोबल संगोष्ठी आईजीएल के विजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित की गयी। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की बिजनेस हेड व यूपीडिए के अध्यक्ष एस के शुक्ल द्वारा इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी कानून व्यवस्था , इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट,औद्योगीकरण ,निवेश और एथेनॉल के उत्पादन पर व्याख्यान दिया गया और इसके साथ ही मक्के से एथेनॉल उत्पादन के बारे में विस्तार से चर्चा हुयी। मनीष अग्रवाल ने कहा की कुछ वर्षो में यूपीडीए के अध्यक्ष के नेतृत्व में हम एथेनॉल उत्पादन का हब बनेगे। डॉ सुनील मिश्रा ने उपरोक्त जानकरी विज्ञप्ति के माध्यम से दी हैं और बताया की यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

### सेमरियावां विकास खंड के चंगेरा मंगेरा,छपिया माफी,छपिया आनंद राय, छपिया छितौना, चाईकला में सोसल आडिट संपन्न



प्रखर संतकबीरनगर । सेमरियावां विकासखंड के अंतर्गत पांच ग्राम पंचायत चांगेरा मांगेरा , छपिया माफी ,छपिया आनंद राय, चाई कला,छपिया छितौना में कराये गए विकास कार्यों का ब्लॉक स्तर से सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों द्वारा स्थलीय, भौतिक सत्यापन किया गया। विकास कार्यो के सत्यापन के लिए जनता की भागीदारी,जवाबदेही सहभागिता,व पारदर्शिता के साथ खुली बैठक की गई।जिसमें अधिक संख्या में पुरुष महिलाए शामिल रहे।इस दौरान सोसल आडिट टीम के द्वारा प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गए विकास कार्यों का पारदर्शिता के साथ कार्यो के बारे में जानकारी ली गई। खुली बैठक के दौरान ग्राम पंचायत में मनरेगा द्वारा कच्चे पक्के कार्यों को ग्रामीणों के समक्ष रखते हुए सोशल आडिट टीम द्वारा कराए गए कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई, जिसमें ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना की गई तथा एक-एक बिंदुओं पर अपनी सहमति भी जताई गई।जिसमें ग्रमीणों ने विकास कार्यों को सही बताते हुए अपने जवाबदेही से सौ प्रतिशत पारदर्शिता की मोहर लगाई।इस दौरान छपिया आनंद राय के ग्राम प्रधान मंजू देवी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ,रोजगार सेवक सुरेंद्र कुमार ,पंचायत सहायक पिंकी मौर्या , चंद्रशेखर मौर्या,धीरज श्री राम , हरिशचंद,धनराज,लालू प्रसाद ,राजकुमार चंद्र शेखर,स्वराती, नीमा देवी,अर्चना तथा सोसल आडिट टीम व सभी ग्रामीण मौजूद रहे।

### नौ दुर्गा (शक्ति) को नौ दिन के लिए सौंपा विद्यालय का प्रभार




प्रखर पिंडरा वाराणसी। शासन के निर्देश के अनुपालन में शारदीय नवरात्रि के नौ दिन मिशन शक्ति अभियान के तहत निर्धारित कार्ययोजना को पूर्ण कराते हुए प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर पिण्डरा के प्रधानाध्यापक मनोज सिंह द्वारा विद्यालय का सम्पूर्ण प्रभार नौ दुर्गा ( विद्यालय की बच्चियों) को सौंपते हुए उन्हें अध्यापकों के साथ सामंजस्य बनाते हुए विद्यालय का संचालन नौ दिन तक सुचारू रूप से करने हेतु प्रेरित किया गया है।सजी हुई नौ दुर्गा विद्यालय परिसर का उत्साहित होकर अवलोकन कर सभी को जिम्मेदारियों के प्रति आगाह करते हुए अनुशासन व प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही थी, इस अवसर पर चार बालिकाओं द्वारा विभिन्न कक्षाओं में कक्षा शिक्षण का कार्य भी किया गया। दिवसानुसार प्रमुख दुर्गा द्वारा प्रधानाध्यापक के प्रभार को संभालते हुए सभी अध्यापकों को भी दिशा निर्देश प्रदान कर विद्यालय में पठन पाठन को सुचारू रूप से संचालित किया गया।

### किरन लेडीज सिलाई सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रखर वाराणसी। किरन लेडीज सिलाई सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन यह प्रतिष्ठान वाराणसी पांडेपुर स्टेट बैंक कॉलोनी के ठीक सामने स्थित है प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर किरन ने बताया कि यहां हर तरह की सिलाई की उत्तम व्यवस्था है सिलाई सेंटर का उद्घाटन प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर किरन की पुत्री बेबी अनन्या के हाथों द्वारा किया गया ! उद्घाटन के समय मुख्य रूप से राजेश्वरी देवी आयांश शिवा संजीव विपुल की उपस्थिति रही विधि विधान से पूजा पाठ का कार्यक्रम चंद्रशेखर पंडित के हाथों संपन्न हुआ!

### आंधी पानी से धान की फसल बर्बाद

प्रखर गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र में सोमवार को अचानक से आयी आंधी पानी ने किसानो को भारी नुकसान पहुंचाया क्षेत्र में बीते सोमवार कि रात तेज आंधी- पानी के चलते किसानों की सैकड़ों बिगहा फसल बर्बाद हो गई । धान की खड़ी फसल एक झटके में जमीन पर धराशायी हो गयी । और फसल जमींदोज होकर पानी में डुबी ?पडी है जिसके कारण किसानों में निराशा देखने को मिल रही है बात चित में क्षेत्र की कुछ किसानों ने बताया कि समझ नहीं आ रहा है कि कौन जुगत लगाये । पूरी लागत धान की फसल में लगाने के बाद सिर्फ पसंद काट कर घर में लाने की तैयारी कर ही रहे थे। कि रात में तेज आंधी पानी ने किसानों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। अब देखने की बात यह है कि किसानों की इस नुकसान को लेकर सरकार कुछ विचार करती है या नहीं।

### सीओ यातायात के नेतृत्व में शहर खलीलाबाद में सड़कों से हटवाया गया अतिक्रमण तथा वाहन चालकों को किया गया जागरुक

प्रखर संतकबीरनगर : एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में नवरात्रि व दशहरा पर्व को सकुशल व शांति पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ के नेतृत्व में प्रभारी यातायात परमहंश मय टीम द्वारा शहर खलीलाबाद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से सड़क के पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को हंटाने का निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है । जिसके क्रम में आज क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा मेहदावल बाइपास से मधुकुंज तिराहा, मुखलिशपुर तिराहा आदि स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए सड़क पर फैले हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही जो वाहन सड़क पर खड़े पाए गए उनका नियमानुसार चालान किया गया । लोगों को सड़की की पटरियों पर पुनः अतिक्रमण न करने हेतु कड़ी चेतावनी भी दिया गया । साथ ही दुर्गा पूजा के दृष्टिगत प्रतिमाओं को ले जा रहे वाहन चालकों को रोककर शराब आदि का सेवन करके वाहन ना चलाने आदि के संबंध में जागरुक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## मुंबई गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन मे कोच अटेंडेंट निकला चोर

संजय मिश्रा

प्रखर मुंबई। भारतीय रेल आपकी सेवा में तत्पर, यह स्लोगन तो सभी ने सुना होगा लेकिन आम रेल यात्रियों की सेवा करने वाला ही यदि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो जाए तो इसे क्या समझा जाए ? जी हां कुछ ऐसा ही देखने और सुनने को मिला मुंबई से चलकर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में, जहां रेल अटेंडेंट को मोबाइल चोरी करते रंगे हाथ यात्रियों ने दबोच लिया. रात के समय लंबी दूरी की यात्रा करने वाले रेल यात्री जब खाना खाने के बाद सो रहे थे तब लोगों को सुविधा उपलब्ध करवाने के नाम पर रेल अटेंडेंट सोए हुए रेल यात्रियों का मोबाइल चुराने में लगे हुए थे. इसी बीच एक युवक ने एक महिला रेल यात्री का मोबाइल पलक झपकते ही उड़ा लिया, उसी समय महिला चीख पड़ी और लोगों ने उसे पाकड़ कर पीटना शुरू कर दिया. ऐसे में कोई कानूनी कार्रवाई की बात करने लगा तो कोई रेल अटेंडेंट को मिले खुले संरक्षण की बात कहकर आपसी मिलीभगत का आरोप लगाने लगा, ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि लंबी दूरी के सफर पर निकला रेल यात्री अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा करता खेल किस पर करे? थारू कंपनी को कैटरिंग का ठेका दिया गया है, लेकिन इसी ठेकेदार कंपनी के कर्मचारी ने एसी कोच के इ-7 से रेल यात्री का मोबाइल चुराया और उसे इ - 11 में छिपा दिया, जिसे बरामद कर कथित चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## भिक्षाटन करने वालों की सूची बनाने के लिए जिला प्रशासन ने दिया निर्देश

प्रखर विन्ध्याचल मिजार्पुर। नवरात्र मेला के अंतर्गत समूचे मेलाक्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से भीख मांगने वालों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है । बढ़ती संख्या ने जिलाप्रशासन की भी चिंता बढ़ा दी है । नवरात्र के दूसरे दिन मेलासमीक्षा बैठक के पश्चात जिलाधिकारी प्रियंकानिरंजन विनयकुमार सिंह के साथ मेलाक्षेत्र का भ्रमण किया , भ्रमण के दौरान उन्होंने विन्ध्यावासिनी मंदिर , पक्काघाट इत्यादि स्थानों पर काफी संख्या में भिक्षाटन करने वालों को देखा । पक्काघाट पर ही एक संस्था के लोग जो दर्शनर्थियों की सेवा में कैंप लगाए हुए है , उनसे एक और सेवा की सिफारिश की । डीएम ने उक्त संस्था के सदस्यों से कहा की आपलोग मेलाक्षेत्र में मौजूद भिक्षुओं की सूची तैयार करें , जिससे यह ज्ञात हो सके की कितने लोग गैर जनपद से आए हुए है , कितने इसी जनपद से है । इससे यह भी जानकारी उपलब्ध हो पाएगी की कितने भिक्षुक पेशेवर है तथा कितने लोग मजबूरी में यह कार्य कर रहे हैं । साथ में यह भी आंकड़ा उपलब्ध हो जायेगा की कितने छोटे बच्चे और महिलाएं है । आंकड़े की उपलब्धता के पश्चात पेशेवरों को रोकने के विभिन्न उपाय तथा जरूरतमंदो के लिए वैकल्पिक प्रबंध किए जायेंगे ।

## चन्दनी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक ने छात्रों को किया सम्मानित, दिया प्रशस्ति पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल क्षेत्र के सुरतापुर स्थित चंदनी पब्लिक स्कूल में गत दो अक्टूबर को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक दयाशंकर राय ने प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया । इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को परखने एवं उत्कृष्ट करने का अवसर मिलता है। इससे छात्रों में प्रतियोगी भावना से कुछ बेहतर करने की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में आयोजित छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला आफजाई किया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर नवीन कुमार राय, प्रिंसिपल प्रवीण पीयूष राय, माधव सरकार, आशुतोष राय, यूसुफ, सईदा हसन, दीपमाला सरकार, पंचम राय, सोनाली पटेल,अरविंद राय, नयनिका गुप्ता, संजू गुप्ता, ज्योति तिवारी, शिवम यादव, झुल्लन यादव, अनुभव शर्मा, संजय कुशवाहा,अजीत मौर्य, रामचंद्र राम, अंजिलेश राय, गुलशन अब्बास, प्रिया गुप्ता, तरन्नुम खातून ,राजेश सिंह साधू उपस्थित रहे।

# बेटियों को परेशान करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिसः एसओ




प्रखर सुइथाकला जौनपुर। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर में मंगलवार को मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ पर परिचर्चा हुई। बतौर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए सरपतहाँ थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने छात्राओं को बताया कि जब मनचले अभद्र टिप्पणी छेड़छाड़ या पीछा करें तो डरने की जरूरत नहीं है। इसके लिए साहस से काम लेना चाहिए। विरोध करना चाहिए और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए।उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से भी उन्हें स्वयं सूचना दें इसके लिए छात्राओं को ऐसे अराजक तत्वों को पुलिस सबक सिखाएगी। थाना अध्यक्ष ने कॉलेज की छुट्टी और विद्यालय आते समय कोबरा की टीम को गश्त करने के लिए सख्त निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि लड़कियों को से परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । महिला आरक्षी मंजू बाला यादव ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में आवश्यक टिप्स दिए।उन्होंने कहा कि यदि कोई लड़का अनावश्यक कमेंट करता है या आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो फौरन 1090 डायल करना चाहिए। रास्ते में यदि किसी प्रकार की छींटाकशी होती है ,यदि अनुकूल परिस्थिति है तो जवाब दें अन्यथा वहां से बचकर सबसे पहले निकलना चाहिए फिर बाद में कॉल करें। तत्काल 10 से 15 मिनट के बीच में मदद मिलेगी। पुलिस लोकेशन ट्रेस करके आप तक पहुंचेगी। घरेलू हिंसा की स्थिति में 1091 और तत्काल शिकायत दर्ज करने के लिए 181 डायल करें।उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए हर प्रश्न का समुचित जवाब दिया।उन्होंने बताया कि महिलाएं अब सशक्त हो रही हैं। हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सभी अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उसके अनुरूप कठिन परिश्रम करें। प्रधानाचार्य डॉ. अजेय प्रताप सिंह ने आभार एवं धन्यवाद व्यापित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होकर स्वावलंबी बन रही हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील किया कि सुरक्षा की दृष्टि से शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों को आम जनमानस और घरेलू महिलाओं को प्रचारित और प्रसारित करें। संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता विनय त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, धर्मदेव शर्मा ,अरुण कुमार मौर्य, मनीष कुमार ,कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, नवीन सिंह, लाल बहादुर ,प्रगति सिंह ,मनोज तिवारी, दिनेश कुमार सिंह ,मनीष कुमार दुबे, उपेंद्र मिश्रा, अमृतलाल विश्वकर्मा, सोनी सिंह, प्रीति बरनवाल, अंकित मिश्रा, जितेंद्र बहादुर सिंह बबलू, मुरली सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गंदगी देख डीएम ने लगाई फटकार, प्रधानाचार्य को किया निलम्बित लेखाकार का रोका वेतन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने आज कस्तूरबां गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय बिरनो एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरनो का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सर्व प्रथम जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिरनो पहुचकर उपस्थिति पंजिका रजिस्टर, बच्चो को दी जाने वाली खाद्य समाग्री, बच्चो की संख्या, छात्राओ से शिक्षा की गुणवत्ता की जानकरी ली एवं विद्यालय, आवासीय स्थलो, रसोईघर, एवं शौचालयो को चेक किया जहां साफ-सफाई का अभाव रहा, शौचालय मे गन्दगी पायी गयी इसके अतिरिक्त विद्यालय मे पीने हेतु पानी का आरओ मशीन भी खराब पाया गया तथा रसोईघर में साफ-सफाई का अभाव रहा। जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं फटकार लगाते हुए विद्यालय एवं हास्टल में साफ-सफाई का निर्देश दिया। कार्यालय में लेखाकर संजू तिवारी के बिना बताये अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय साफ-सफाई कराते हुए पेन्टिग कराने तथा विद्यालय के नाम का प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने विद्यालय में सुरक्षा के प्रति जानकारी ली। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरनो का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थिति रजिस्टर, मिड् डे मील रजिस्टर की जॉच की तथा विद्यालय के शौचालयो का निरीक्षण किया जहां गन्दगी पायी गयी एवं विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव रहा, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य उषा यादव को फटकार लगाते हुए निलंबित करने का निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया।



## समस्त कर्मचारियों का कैशलेस कार्ड बनाया जाए : रोशन लाल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पंचायत राज वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्य से मिला। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सूर्यभान राय, एडीओ पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष नर्देश्वर तिवारी सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल ने अपने अपने संवर्ग की सेवा सम्बन्धित समस्याओं को जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराया। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सूर्यभान राय और सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने संयुक्त रूप से कहा कि शीघ्र ही जनपद में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत समस्त कर्मचारियों का कैशलेश कार्ड बनाया जाए। प्रान कटौती का पासबुक बनाया जाय। गौशाला से सफाई कर्मचारियों को मुक्त किया जाए। महिला, दिव्यांग, पति पत्नी गंभीर बिमारी से ग्रसित सफाई कर्मचारियों को उनके निकटतम विकास खण्ड में तैनात किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी के जिला मंत्री पवन पांडे, सफाई कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अजय सिंह कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, जिला संगठन मंत्री इम्तियाज अहमद, प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, ग्राम पंचायत अधिकारी कंचन जायसवाल, सिकन्दर राजभर, अशोक यादव, पंकज यादव सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मृतक संख्या हुई चार हजार

**इस्राइल-हमास संघर्ष** उग्र हिंसा में अब तक 3,621 इस्राइली हुए हैं घायल


**यरूशलम (आईएएनएस)।** गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच भीषण संघर्ष में मरने वालों की संख्या 4,000 के करीब पहुंच गई है। सोमवार को लगातार 10वें दिन भी हिंसा जारी रही।

आधिकारिक इस्राइली सूत्रों के अनुसार, 7 अक्टूबर को पहली बार संघर्ष शुरू होने के बाद से 1,300 से अधिक लोग मारे गए। सूत्रों ने बताया कि उग्र हिंसा में अब तक 3,621 इस्राइली घायल भी हुए हैं। हमास-नियंत्रित क्षेत्र में स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मौतें बढ़कर 2,670 हो गई हैं, जबकि 9,600 से अधिक घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 लोगों की मौत और 856 लोगों के घायल होने की खबर है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि लगातार इस्राइली हवाई हमलों के चलते आवासीय पड़ोस और अस्पतालों की ओर जाने वाली सड़कों पर बड़े पैमाने पर विनाश के कारण बचाव कार्यों में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए बने संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, गाजा में वर्तमान मौत का आंकड़ा साल 2014 की कुल मरने वालों की संख्या 2,251 को पार कर गई है। 2014 में सात सप्ताह से अधिक संघर्ष चला था।



फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के अनुसार, संभवतः मलबे के नीचे दबे हुए लापता लोगों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। सोमवार की सुबह तक, घनी आबादी वाले इलाके में अनुमानित 6,00,000 लोग विस्थापित हो गए, जिनमें से लगभग 3,00,000 लोग वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी के आपातकालीन आश्रयों में शरण ले रहे हैं।

### इस्राइल हमले जारी रखेगा तो संघर्ष बढ़ेगा : रायसी



**तेहरान (वार्ता)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर इस्राइल गाजा पट्टी पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष और बढ़ेगा। रायसी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि अगर जायोनी शासन इन अपराधों को जारी रखकर अपनी हार की कीमत चुकाना चाहता है, तो युद्ध का विस्तार होगा। ईरान के राष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, रायसी ने पिछले कुछ दिनों में फिलिस्तीनियों पर इस्राइल के हमलों की कड़ी निंदा की और फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में एक रैली को रोकने के लिए फ्रांसीसी सरकार की आलोचना की।

## सेमरियावां क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर नकेल कसने में स्वास्थ्य विभाग फेल, ग्रामीणों के स्वास्थ से हो रहा हैं खिलवाड़

प्रखर संतकबीरनगर। जिले में इन दिनों प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज अवैध पैथोलॉजी के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस अवैध पैथोलॉजी के कारोबार में समाज के नामी-गिरामी , तथा बड़े राशुखदार लोग भी शामिल हैं। लिहाजा इनके खिलाफ संतकबीरनगर जिला प्रशासन कार्रवाई करने से कतराता है। जिले के मरीजों की जिदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर है। एक तरफ जहां जिले के सबसे बड़ा अस्पताल जिला चिकत्सालय मनमानेपन का शिकार है, वहीं तो दूसरी तरफ नीमहकीमों और बंगाली झोला छाप डाक्टरों की वजह से मरीजों की जान सांसत में है। न केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड तक के मामले में भी पूरे जिले में फजीर्वाड़े का खेल चल रहा है। आलीशान बिल्डिग से लेकर झुग्गी झोपड़ी तक में डॉक्टरों और नर्सिंग होम के बोर्ड लगे हुए हैं जहां मरीजों का आर्थिक शोषण जारी है। संतकबीरनगर जिला मुख्यालय ही नहीं, सुदूर ग्रामीण सेमरियावां, बाघनगर क्षेत्रों में भी क्लिनिक और पैथोलॉजी की भरमार है।

## जिलाधिकारी ने किया शासन के 37 महत्वपूर्ण विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण (37 बिन्दु), मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक सी0एम डैशबोर्ड से ली गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिस-जिस विभागो की विभागीय योजनाए, आख्या, उपलब्धी सीएम डैश बोर्ड पोर्टल पर फीड नही है उसे तत्काल फीड कराने का निर्देश दिया जिससे जनपद की रैकिग खराब न हो। बैठक में उन्होने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओ का टीकाकरण, पशुओ में होने वाले लम्पी रोग के रोकथाम हेतु कार्यवाही एंव सहभागिता योजना में पात्र लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया। आई0जी0आर0एस0 प्रकरण मे उन्होने शिकायत पत्रो का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया कहा कि किसी दशा में कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, समेत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## सर सैय्यद अहमद खान के बदौलत आधुनिक शिक्षा को गति मिली : शाहिद नईम


प्रखर शाहगंज(जौनपुर)। सर सय्यद अहमद खान एक महान समाज सुधाकर, शिक्षाविद,और चिंतक थे।उनके द्वारा चलाये गए शिक्षा आंदोलन के बदौलत ही आधुनिक शिक्षा को गति मिली। उक्त बातें मंगलवार को क्षेत्र के तालीमाबाद सबरहद स्थित सर सैय्यद अहमद इंटर कालेज में सर सैय्यद अहमद खान की 206वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद नईम ने कही। श्री शाहिद नईम ने कहा की सर सैय्यद द्वारा कौम एवं समाज में किये गए कार्यों को बुलाया नही नही जा सकता।उनका हर एक कार्य अतुलनीय है।वे एक महापुरुष थे ।प्रधानाचार्य ने छात्रों से सर सैय्यद अहमद खान के पद चिन्हों पर चलने की अपील करते उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं विद्यालय के शिक्षक असद खान ,मोहम्मद सीराज,आनंद सिंह,मोहम्मद रजा ने भी सर सैय्यद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर खुर्शीद अहमद, शिशिर कुमार यादव,अहसन अंसारी, हसनैन नियाजी,शाहिद सिद्दीकी, दिलीप कुमार,मिर्जा शमीम बेग, अजय पांडेय,उदय राज यादव,इफ्तेखार अहमद, राममिलन यादव,लालमन राजभर,अफलाक, फहीम शेख,अरविंद प्रजापति,नवनीत कुमार, मो.अरहम सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।





# हिंदुत्व के ऊपर आक्रमण को रोकने का पहला प्रयास शिवाजी ने किया : अनिल ओक







प्रखर वाराणसी । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सब व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैदिक विज्ञान केंद्र के सभागार में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुत्व के ऊपर वैचारिक, साहित्यिक,सांस्कृतिक और शारीरिक आक्रमण को रोकने का सर्वप्रथम प्रयास शिवाजी ने किया था। सभागार में उपस्थित छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित और ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा के मंचन के पूर्व आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आगामी 21 से 26 नवंबर को आयोजित इस महानाट्य के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिंदवीस्वराज के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में काशी में इस महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। शिवजी की युद्ध नीति के संदर्भ में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वराज की स्थापना हेतु जीवित रहना आवश्यक है। अतः युद्ध जीतने के लिए लड़ाइयां लड़नी चाहिए । लंदन मिनिस्ट्री स्कूल में विश्व के जिन सात प्रमुख युद्धों को शामिल किया गया है उनमें शिवाजी और अफजल खान के मध्य हुए युद्ध को भी सम्मिलित किया गया है । इस युद्ध के वर्णन को मुख्य वक्ता ने कविता के रूप में प्रस्तुत किया है। शिवाजी के सुशासन नीति के बारे में उन्होंने कहा कि वास्तव में शिवाजी ने मात्र 7 वर्ष युद्ध किया तथा 28 वर्ष सुराज के लिए कार्य किया। उन्हीं के शासन काल में सर्वप्रथम पेंशन योजना, अनुकंपा नियुक्ति, हर परिवार को अनाज योजना, नौसेना, मर्चेंट नेवी का प्रारंभ हुआ है। नाटक के एक भाग औरंगजेब ने भी शिवाजी के चरित्र की प्रशंसा की है। अनिल ओक ने आगे कहा कि इस महान नाट्य जाणता राजा के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों के लिए आमजन के सामने शिवाजी के व्यक्तित्व को रखना ही हिंदवी स्वराज की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण कदम है। शिवाजी ने अनेक ऐसे मित्र बनाये जिनका आदर्श वर्तमान स्थिति में भी प्रासंगिक है । शिवाजी नाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध में पारंगत ना होते हुए भी स्वराज के लिए अपने प्राणों की चिंता ना करके शत्रु के दल में सीधा प्रवेश किया ,वहीं बाजी प्रभु देशपांडे ने छत्रपति शिवाजी के प्राणों की रक्षा के लिए मात्र 300 मावलों को लेकर 4000 पठान घुड़सवारों के बीच भीड़ गए और वीरगति को प्राप्त हुए। वर्तमान में महाराष्ट्र का वह स्थान पावन खंड के नाम से प्रसिद्ध है । राष्ट्रभक्ति का भाव शिवाजी के अंदर कूट-कूट कर भरा हुआ था । उनकी राजा बनने की इच्छा नहीं थी परंतु हिंदवी स्वराज की स्थापना के लिए उन्होंने छत्रपति की उपाधि धारण किया। शिवाजी महिलाओं को भी विशेष सत्कार करते थे । गरीब महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के कारण अपने सगे मामा मोहिते को भी उन्होंने आजीवन करावास का दंड दिया। छत्रपति शिवाजी की विशेषता थी मात्र 60 सैनिकों को लेकर शाइस्ता खान के महल में एक लाख सैनिकों से गोरिल्ला युद्ध करके उन्हें पराजित किया। नए दुर्गों का निर्माण,नौसेना की स्थापना, सुशासन हेतु पंतप्रधानों की नियुक्ति छत्रपति शिवाजी द्वारा रामराज की परिकल्पना को साकार करती है । शिवाजी के इन्हीं आदर्श को कलमबद्ध करते हुए बाबा साहब पुरंदरे ने इस महाराज नाटक की रचना की है । कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रख्यात कथावाचक शांतनु जी महाराज ने प्रस्तावना में कहा कि भारतीय इतिहास के साथ षडयंत्र कर कई महापुरुषों के चित्रों को इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया गया है। सेवा भारती काशी प्रांत ऐसे ही एक चरित्र को पढ़ने, दिखाने और सुनाने के कार्य को करने जा रहा है । महामना की बगिया में जाणता राजा का मंचन महामना को भी प्रसन्न करेगा । शिवाजी ने संकल्प लिया था कि हिंदवी स्वराज की स्थापना करनी है। ऐसे सोचने वाले वह एकमात्र राजा थे । जिस प्रकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए सभी भारतीयों ने अपनी अपनी आहुति डाली है उसी प्रकार सभी की आहुति इसमें भी होनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि शिवाजी महाराज के जीवन में काशी के विद्वत जनों का भी योगदान था। यही के पंडित गंगा भट्ट ने शिवाजी का राज्याभिषेक कराया था । वास्तव में वर्तमान कालखंड में देश ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहा है । जैसी परिस्थितियों शिवाजी के समय में थी ऐसे में जाणता राजा महानाट्य का मंचन हमें उन परिस्थितियों के का समाधान करना सिखाएगा। जहां शिवजी के गुरु समर्थ गुरु रामदास ने उन्हें जाणता राजा कहा था जिसका अर्थ होता है दूरदर्शी राजा । आगामी 21 से 26 नवंबर तक एमपी थियेटर मैदान काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस महानाट्य का मंचन सायं 5:30 बजे से रात्रि 8:30 तक आयोजित किया जाएगा इसका मंचन देखने के लिए टिकट की भी व्यवस्था की गई है। इस टिकट से प्राप्त होने वाली धनराशि से काशी के कैंसर अस्पताल के सामने तीरमदारों के लिए आवासीय परिसर की व्यवस्था की जाएगी जिससे दूर दराज के क्षेत्र से आने वाले रोगियों और उनके प्ररिचारकों को ठहरने की सुविधा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ में मंचासीन अतिथियों द्वारा महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलन किया गया । संगीत कला की छात्राओं द्वारा कुल गीत की प्रस्तुति गई की गई ।इस मंच पर काशी प्रांत प्रचारक रमेश चंद्र, सेवा भारती काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष राहुल सिंह भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानाट्य आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर हरेंद्र राय, प्रोफेसर सत्य प्रकाश पाल,प्रोफेसर डीसी राय, काशी विभाग प्रचारक नितिन सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वैदिक विज्ञान केंद्र के समन्वयक उपेंद्रनाथ तिवारी तथा संचालन पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने किया।

# गेमिंग कंपनी डेल्टा कॉर्प को मिला 6,384 करोड़ जीएसटी चुकाने का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी कंपनी डेल्टा कॉर्प को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 6,384 करोड़ रुपये के कर भुगतान का नोटिस मिला है। इसके साथ ही कंपनी पर कुल कर मांग बढ़कर 23,000 करोड़ रुपये हो गई है। डेल्टा कॉर्प ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा है कि जीएसटी आसूचना महानिदेशालय , कोलकाता ने उसकी अनुषंगी डेल्टाटेक गेमिंग को 13 अक्टूबर को कर मांग का नोटिस भेजा है। इस नोटिस में कंपनी से जनवरी, 2018 से लेकर नवंबर, 2022 की अवधि के लिए 6,236.8 करोड़ रुपये का जीएसटी चुकाने को कहा गया है।

- कंपनी पर कुल कर मांग बढ़कर 23,000 करोड़ रुपए

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनी का शेयर 8.8 फीसदी टूटा

### पिछले माह भी डेल्टा ग्रुप को नोटिस दिया गया था

कंपनी के मुताबिक, गेम में शामिल प्रतिभागियों से ली गई सकल राशि के बजाय दांव पर लगाई गई राशि पर जीएसटी की मांग करना गेमिंग उद्योग से जुड़ी समस्या है और पहले ही उद्योग संगठन सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठा चुका है। पिछले महीने भी डेल्टा ग्रुप को 16,800 करोड़ रुपये मूल्य का कर और चुकाने का एक कारण बताओ नोटिस भेजा गया था।




### ब्याज और जुर्माने के साथ चुकाने की सलाह

कंपनी ने कहा, 'नोटिस में डेल्टाटेक गेमिंग को कर भुगतान में कथित कमी को ब्याज एवं जुर्माने के साथ चुकाने की सलाह दी गई है। ऐसा न करने पर कंपनी को एक कारण बताओ नोटिस भेजे जाने की बात भी कही गई है।'

### 28 फीसदी जीएसटी पर बनी थी सहमति

अगस्त में जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग एवं कसीनो कंपनियों पर लगाए गए दांव की सकल राशि पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने पर सहमति जताई गई थी। उसके बाद ही जीएसटी विभाग ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से कर भुगतान की मांग शुरू की है।

### चुनौती देने कंपनी कानूनी तरके अपनाएगी

इसके साथ ही जुलाई, 2017 से अक्टूबर, 2022 की अवधि के लिए 147.5 करोड़ रुपये की एक अन्य कर मांग भी की गई है। हालांकि, कंपनी ने इस कर मांग को मनमाना और कानून के खिलाफ बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देने के लिए सभी कानूनी तरीके अपनाएगी।

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी बैंक को 16811 करोड़ का लाभ




**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16,811 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। मूल कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड में एचडीएफसी बैंक के विलय के बाद जारी पहले नतीजों में बैंक ने एकल आधार पर 15,976 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 72 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत के उछाल के साथ 920 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। ब्याज आय बढ़ने तथा डूबा कर्ज घटने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 535 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया था।

### फेडरल बैंक का लाभ बढ़कर 954 करोड़ रु.

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 35.54 प्रतिशत बढ़कर 953.82 करोड़ रुपये रहा। 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक की कुल आय पिछले वर्ष की समान अवधि के 4,630.30 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,185.70 करोड़ रुपये हो गई।

### सिग्नेचर ग्लोबल का कर्ज 66 प्रतिशत घटा

SIGNATURE GLOBAL


**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने कहा है कि उसका शुद्ध कर्ज जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 66 प्रतिशत घटकर 369.96 करोड़ रुपये पर आ गया है। सितंबर, 2022 के अंत में कंपनी का शुद्ध कर्ज 1,093.89 करोड़ रुपये था जो चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में घटकर 369.96 करोड़ रुपये हो गया।

### ओयो तीन माह में 750 होटल और जोड़ेगी




**नई दिल्ली।** आतिथ्य प्रौद्योगिकी कंपनी ओयो ने सोमवार को कहा कि वह अगले तीन माह में अपने मंच पर 750 होटल और जोड़ेगी। कंपनी त्योहारी और शीतकालीन पर्यटन सत्र का लाभ उठाने के लिए 35 से अधिक शहरों में इन होटलों को जोड़ेगी। नए होटल उसके प्रीमियम ब्रांड- पैलेट, टाउनहाउस, टाउनहाउस ओक और कलेक्शन-ओ के तहत शामिल किए जाएंगे।

### टोपेलियन बने वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन प्रमुख



**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात निकाय वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि लियोन टोपेलियन उसके चेयरमैन चुने गए हैं जबकि भारत के टी वी नरेंद्रन को वाइस-चेयरमैन निर्वाचित किया गया है। एसोसिएशन ने एक बयान में यह जानकारी दी। टोपेलियन न्यूकॉर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं जबकि नरेंद्रन घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं। इनके अलावा पॉस्को होल्डिंग्स के सीईओ जियांग-वू चोई को भी संगठन का एक वाइस-चेयरमैन चुना गया है।

## थोक महंगाई की दर शून्य से 0.26 फीसदी नीचे रही

# त्योहारों से पहले तोहफा, सितंबर में भी शून्य से नीचे रही थोक महंगाई, कीमतें और हो गईं नरम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महंगाई के मोर्चे पर लगातार राहत भरी खबरें आ रही हैं। खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़ों ने भी त्योहारों से पहले लोगों को तोहफा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान कीमतों में और गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही थोक महंगाई की दर लगातार छठे महीने शून्य से कम रही है।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान थोक महंगाई की दर -0.26 फीसदी यानी शून्य से 0.26 फीसदी नीचे रही है। यह बताता है कि सितंबर महीने के दौरान थोक स्तर पर कीमतों में 0.26 फीसदी की गिरावट आई है। इससे पहले अगस्त महीने के दौरान थोक महंगाई की दर शून्य से 0.52 फीसदी नीचे रही थी। देश में थोक महंगाई की दर अप्रैल 2023 से लगातार शून्य से नीचे है।

### प्राइमरी आर्टिकल्स की महंगाई में नरमी

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान प्राइमरी आर्टिकल्स अर्थात दाल, प्याज, दूध और फलों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में अच्छी-खासी नरमी देखी गई। इस कैटेगरी में महंगाई की दर जुलाई में 8.24 फीसदी पर पहुंच गई थी। उसके बाद अगस्त में कमी आई थी और दर 6.34 फीसदी पर आ गई थी। अब सितंबर में प्राइमरी आर्टिकल्स की महंगाई दर और कम होकर 3.70 फीसदी रह गई है।

### खुदरा महंगाई में भी आई थी कमी

इससे पहले पिछले सप्ताह के दौरान खुदरा महंगाई यानी सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी हुए थे। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई कम होकर 5.02 फीसदी रही, जो तीन महीने में सबसे कम है। अगस्त में खुदरा महंगाई 6.83 फीसदी रही थी। इस तरह से खुदरा महंगाई एक बार फिर से रिजर्व बैंक के टॉलरेंस लेवल के दायरे में आ चुकी है।



- खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दहाई अंक में दर्ज
- ईंधन और बिजली खंड में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही

### किसे कहते हैं डिफ्लेशन

ओवरऑल देखें तो सितंबर महीने के दौरान अपस्फीति यानी डिफ्लेशन की स्थिति बरकरार रही। डिफ्लेशन की स्थिति तब कही जाती है, जब महंगाई दर शून्य से कम रहती है। महंगाई दर के शून्य से नीचे रहने का मतलब कीमतों में गिरावट आना और शून्य से ऊपर रहने का मतलब कीमतों में बढ़ोतरी होना है।

### ईंधन और बिजली में भी नरमी

ईंधन और बिजली के मामले में थोक महंगाई कम होकर 3.35 फीसदी पर आ गई, जो इससे पहले जुलाई और अगस्त में क्रमशः 12.73 फीसदी और 6.03 फीसदी रही थी। वहीं विनिर्मित वस्तुओं के मामले में कीमतों में 1.34 फीसदी की गिरावट आई। विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में इससे पहले जुलाई में 2.58 फीसदी की और अगस्त में 2.37 फीसदी की गिरावट आई थी।

### अगले छमाही में हो सकती है हल्की बढ़ोतरी

रेटिंग एजेंसी केयरएज की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि सितंबर में थोक मुद्रास्फीति की सालाना आधार पर गिरावट करीब 0.3 प्रतिशत रही है जो अगस्त के 0.5 प्रतिशत की तुलना में कम है। हालांकि, सिन्हा ने कहा कि उच्च आधार के कम होते असर से वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में थोक मुद्रास्फीति में 'हल्की बढ़ोतरी' हो सकती है।

### कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आना सकारात्मक बात

भारतीय सांख्यिकी संस्थान में अर्थशास्त्री एवं प्रोफेसर अभिरूप सरकार ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आना सकारात्मक बात है लेकिन रूस और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ सकती हैं जिसकी मार भारत में थोक मुद्रास्फीति पर पड़ेगी।

# बैटरी के लिए एक और प्रोत्साहन योजना लाने पर विचार : सिंह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश में बैटरी के लिये एक और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना लाने पर विचार कर रही है। इसका मकसद बैटरी की लागत में कमी लाकर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। सिंह ने यहां ओएमआई फाउंडेशन के 'ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) रेडी इंडिया डैशबोर्ड' कार्यक्रम में कहा, 'हम भंडारण मात्रा या बैटरी संख्या बढ़ाने के लिये एक और पीएलआई योजना लेकर आ रहे हैं।' नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले सिंह ने कहा कि बैटरी की मात्रा बढ़ने के साथ भंडारण की कीमत में भी कमी आएगी। भंडारण की कीमत तभी कम होगी जब मात्रा बढ़ाएंगे। यही कारण है कि भंडारण के लिये उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना है। सिंह ने कहा कि उच्च लागत और ईवी के कम दूरी तक सफर कर पाने की क्षमता इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के रास्ते में कुछ प्रमुख मुद्दे हैं।



- मकसद बैटरी की लागत में कमी लाकर ईवी को बढ़ावा देना

### लिथियम का 80 फीसदी संसाधन एक ही देश तक सीमित

बिजली मंत्री ने कहा कि बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम का 80 प्रतिशत संसाधन एक ही देश तक सीमित है और लिथियम का 88 प्रतिशत प्रसंस्करण भी एक ही देश में होता है। मंत्री ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जम्मू में कुछ लिथियम भंडार हैं।'

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 116 अंक और टूट गया। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ब्रेंट कच्चे तेल में तेजी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 115.81 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,166.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 243.36 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.30 अंक यानी 0.10 प्रतिशत फिसलकर 19,731.75 अंक पर बंद हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लि. के शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में कारोबार सीमित दायरे में बना रहा और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख के साथ गिरावट रही। इसके अलावा, बैंक, रियल्टी और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली देखी गयी।



- सेंसेक्स 116 अंक टूटा, निफ्टी 19 अंक गिरा
- कच्चे तेल में तेजी से बाजार में गिरावट आई

### नेस्ले में रही गिरावट

सेंसेक्स के शेयरों में नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

### टाटा स्टील में तेजी

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।

# एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर पेट्रोमिन ने सेंटर खोले



**बेंगलुरु।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल ने सऊदी अरब स्थित पेट्रोमिन कॉरपोरेशन के साथ साझेदारी में सोमवार को बेंगलुरु एवं चेन्नई में वाहनों की तत्काल सर्विस करने वाले 16 सेंटर शुरू किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और पेट्रोमिन कॉरपोरेशन की अनुषंगी पेट्रोमिन एक्सप्रेस इंडिया ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। इन सर्विस सेंटर पर आने वाले वाहनों की बुनियादी रखरखाव सर्विस 30 मिनट में ही कर दी जाएगी। ये सर्विस सेंटर दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के तहत शुरू किए गए हैं। इस समझौते में अगले कुछ वर्षों में 1,000 एक्सप्रेस सर्विस सेंटर खोलने का प्रावधान है। पेट्रोमिन एक्सप्रेस इंडिया ने पिछले महीने कहा था कि वह एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर ये सर्विस सेंटर खोलने के लिए करीब 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी।

# एनएसई ने 13 नए अनुबंध जारी किए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 13 नए अनुबंध जारी करते हुए वायदा एवं विकल्प खंड का विस्तार किया है। इस कदम से निवेशकों को जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी। एनएसई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इससे वह अब वायदा एवं विकल्प खंड में 28 उत्पाद पेश करता है। 13 नए अनुबंध एक किलो सोना वायदा, सोना मिनी वायदा, चांदी मिनी वायदा, तांबा वायदा, जस्ता वायदा, सोना गिनी (8 ग्राम) वायदा, एल्युमीनियम वायदा, एल्युमीनियम मिनी वायदा, सीसा वायदा, सीसा मिनी वायदा, निकल वायदा, जस्ता वायदा और जस्ता मिनी वायदा पर 'वायदा एवं विकल्प' हैं।




- पिछले कुछ दिनों में, एनएसई ने छह नए वायदा एवं विकल्प अनुबंध जारी किए हैं

### जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी

एनएसई ने कहा, 'आज 13 नए अनुबंध के जारी होने के साथ एनएसई मंच पर ऊर्जा, बुलियन और बेस मेटल श्रेणियों में सभी प्रमुख उत्पादों पर वायदा एवं विकल्प उपलब्ध हैं। इससे प्रतिभागियों को मंच पर सभी वस्तुओं में अपने जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी।'

## कल्पतरू को 2217 करोड़ के नए ठेके मिले...



**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने सोमवार को कहा कि उसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 2,217 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। केपीआईएल ने शेयर बाजार को बताया कि उसके पारेषण और वितरण (टीएंडडी) कारोबार को भारत और विदेशी बाजारों में 1,993 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। दूसरी ओर निर्माण एवं फैक्टरी (बीएंडएफ) खंड को घरेलू बाजार में 224 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। केपीआईएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, 'हम महत्वपूर्ण ठेके पाकर खुश हैं, जिसके चलते चालू वित्त वर्ष में हमें मिले कुल ठेके 10,616 करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं।' उन्होंने कहा कि कंपनी के टीएंडडी कारोबार को वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक लगभग 5,400 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं।

## जुलाई-सितंबर में सर्वकालिक उच्चस्तर पर

# यात्री वाहनों की तिमाही बिक्री अब तक की रही सर्वाधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर जुलाई-सितंबर तिमाही में यात्री वाहनों की थोक बिक्री किसी भी तिमाही में अबतक की सर्वाधिक रही है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कंपनियों से डीलरों तक 10,74,189 यात्री वाहनों (पीवी) की आपूर्ति की गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि के 10,26,309 इकाई के आंकड़े से 4.7 प्रतिशत अधिक है।

- 10,74,189 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई

### सस्ती कारों की बिक्री घटी

अग्रवाल ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2018-19 में 1.38 लाख कारों की तुलना में इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सस्ती कारों की थोक बिक्री घटकर 35,000 इकाई रह गई। उन्होंने कहा कि कम दाम के दोपहिया वाहन खंड में भी इसी तरह का प्रदर्शन रहा। ग्रामीण मांग अब भी पूरी तरह से नहीं सुधरी है।



### तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़ी

अग्रवाल ने कहा कि यात्री, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहन खंड में 2023-24 की दूसरी तिमाही में वृद्धि देखी गई। हालांकि, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

### पहली बार वाहनों की थोक बिक्री 20 लाख पार

यह भी पहली बार है कि जब किसी वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) की अवधि में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 20 लाख के आंकड़े के पार गई है।

### एसयूवी की मजबूत मांग

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, 'यूटिलिटी तथा स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग से पीवी खंड में बिक्री की वृद्धि को बढ़ावा मिल रहा है। यह कुल वाहन बिक्री का करीब 60 प्रतिशत है।' उन्होंने कहा कि हालांकि कम कीमत यानी सस्ती कारों की बिक्री में गिरावट जारी है।

## बिजनेस साइट

# सुमीत ग्रुप के मेगा फेस्टिव ऑफर में 10 करोड़ से अधिक के उपहार

**रायपुर।** फेस्टिवल सीजन में धमाल मचाने प्रदेश के दिग्गज व्यावसायिक समूह सुमीत ग्रुप ने ग्राहकों के लिए छत्तीसगढ़ में शॉपिंग का सबसे बड़ा पिटारा खोल दिया है। फेस्टिवल और आगे वेडिंग सीजन को देखते हुए इस ग्रुप ने प्रदेश में संभवतः अब तक के सबसे बड़े फेस्टिव ऑफर की घोषणा की है, जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार हैं। यानी इस बार का फेस्टिवल टाइम लोगों के लिए बेहद ही खास रहने वाला है, ज्वेलरी, कपड़ा, ग्रोसरी और गृहउपयोगी सामानों की खरीदी पर उन्हें एक से बढ़कर एक बड़े उपहार जीतने का मौका मिलेगा।

**जानिए, कहां मिलेगी यह डील्स :** सुमीत ग्रुप के सुमीत ज्वेलर्स, सुमीत बाजार और शुभम के मार्ट में शॉपिंग करने पर इस मेगा फेस्टिव ऑफर में शामिल हुआ जा सकता है। ग्रुप के ये शोरूम और स्टोर्स प्रदेश के लगभग सभी शहरों में हैं। बस, केवल ग्राहकों को यहां अपनी मनपसंद खरीदारी करनी होगी, जिसमें उन्हें एक निर्धारित खरीदी पर एक लकी कूपन मिलेगा, जो कि मिनी लक्की ड्रॉ और बंपर ड्रॉ में भी शामिल किया जाएगा। यानी दो बार उपहार जीतने का अवसर मिलेगा। इस मेगा फेस्टिव ऑफर का खुलासा करते हुए सुमीत ग्रुप के डायरेक्टर अशोक कांकरिया और नमित कांकरिया ने कहा कि नवरात्रि पर्व के साथ ही हम इस शानदार ऑफर की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह ऑफर 15 अक्टूबर, 2023 से शुरू होकर 5 मार्च, 2024 तक खरीदी पर लागू होगा। इस दौरान 7 मिनी लकी ड्रॉ और 1 बंपर ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें भाग्यशाली कई बड़े उपहार जीत सकेंगे।

सुमीत बाजार

*बंपर ड्रा 10 मार्च 2024 को होगा : बंपर ड्रॉ की बात करें तो इसमें फर्स्ट प्राइज 1 करोड़ की ज्वेलरी सहित अन्य कई शानदार उपहार हैं। वहीं, मिनी लकी ड्रॉ में कार, बाइक, गोल्ड क्वॉइन और कई आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा। फेस्टिव ऑफर का बंपर ड्रॉ 10 मार्च, 2024 को निकाला जाएगा।*

# उज्जवल ज्वेलर्स में आभूषणों की प्री-बुकिंग पर फायदा ही फायदा

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित उज्जवल ज्वेलर्स ने फेस्टिवल सीजन और आने वाले वेडिंग सीजन पर आभूषणों की नई वैराइटियां नई साज-सज्जा के साथ पेश की है। नई रौनक, नए कलेक्शन और आभूषणों की ज्यादा से ज्यादा वेराइटी के साथ उज्जवल ज्वेलर्स में उचित कीमत पर सम्पूर्ण पारदर्शिता के साथ शुद्ध एवं, गुणवत्तायुक्त आभूषण उपलब्ध हैं। सदर बाजार स्थित उज्जवल ज्वेलर्स के संचालक उज्जवल झाबक ने बताया कि सोने के बढ़ते घटते भाव को देखते हुए उज्जवल ज्वेलर्स ले कर आए हैं प्री बुकिंग ऑफर। इस ऑफर के तहत आप आज की कीमत पर ट्रेडिशनल से लेकर मॉडर्न लुक तक की ज्वेलरी बुक कर सकते हैं, जिसमें अगर सोने के भाव आज की कीमत से कम होते हैं तो आपको उसी कम कीमत पर ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी और अगर सोने के भाव आज की कीमत से ज्यादा होते हैं तो भी आपको बुकिंग ऑफर के तहत बुक की गई कीमत पर ही ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी चाहे कीमत बढ़े या घटे फायदा ग्राहक का ही है।



# ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप में चखा जीत का स्वाद, श्रीलंका की लगातार तीसरी हार

## श्रीलंका को 88 गेंद शेष रहते पांच विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप मैच में सोमवार को यहां श्रीलंका को 88 गेंद शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों में यह पहली जीत है और टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर आ गई है। श्रीलंका लगातार तीसरी हार के बाद नौवें स्थान पर है। श्रीलंका की पारी को 43.3 ओवर में 209 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श (52) और जोश इंग्लिस (58) ने अर्धशतकीय पारियां खेली जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 21 गेंद में नाबाद 31 और मार्नस लाबुशेन ने 60 गेंद में 40 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए दिलशान मधुशंका ने तीन विकेट लिए। दुनिथ वेलालागे को एक सफलता मिली।



### कमिंस और जम्पा बने हीरो

बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही श्रीलंका की पारी को पेट कमिंस ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर रोका। कमिंस की गेंद पर डेविड वॉर्नर ने शानदार कैच लपककर निशंका की पारी को खत्म किया जिसके बाद उन्होंने परेरा को बोल्ड कर श्रीलंका को 157 के स्कोर प दूसरा झटका दिया। इनके अलावा चरिथ असलंका (25) ही दहाई के आंकड़े में रन बना पाए। जम्पा ने इसके बाद अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए कप्तान कुसल मेंडिस (नौ) और सदीरा समरविक्रमा (दो) को आउट कर लय में वापसी की घोषणा की। इस गेंदबाज ने चमिका करूणारत्ने (दो) और तीक्षणा (शून्य) को पगबाधा किया। वामहस्त तेज गेंदबाज स्टार्क ने धनंजय डिसिल्वा (सात) और लाहिरू (चार) को बोल्ड किया। मैक्सवेल ने असलंका को आउट कर श्रीलंकाई पारी का अंत किया।

### परेरा, निसंका की फिफ्टी

सलामी बल्लेबाजों कुसल परेरा (78) और पथुम निसंका (61) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 130 गेंद में 125 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने दमदार शुरुआत की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद उसकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गयी। परेरा ने 82 गेंद की पारी में 12 जबकि निशंका ने 67 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े।

शीर्ष स्कोरर



मो. रिजवान
248 रन
पाकिस्तान

शीर्ष विकेट टेकर



जसप्रीत बुमरा
08 विकेट
भारत

**वर्ल्ड कप : अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 |
| द.अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 |

**स्कोर बोर्ड**

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसंका का वॉर्नर बो कमिंस | 61 | 67 | 8 | 0 |
| कुसल परेरा बो कमिंस | 78 | 82 | 12 | 0 |
| मेंडिस का वॉर्नर बो जम्पा | 09 | 13 | 0 | 0 |
| समरविक्रमा पगबाधा जम्पा | 04 | 08 | 1 | 0 |
| चरिथ का लाबुशेन बो मैक्सवेल | 25 | 39 | 0 | 1 |
| धनंजय डिसिल्वा बो स्टार्क | 07 | 13 | 1 | 0 |
| दुनिथ वेलालागे रन आउट | 02 | 09 | 0 | 0 |
| करुणारत्ने पगबाधा जम्पा | 02 | 11 | 0 | 0 |
| महीश तीक्षणा पगबाधा जम्पा | 00 | 05 | 0 | 0 |
| लाहिरु कुमारा बो स्टार्क | 04 | 08 | 1 | 0 |
| दिलशान मधुशंका नाबाद | 00 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 43.3 ओवर में 209/10
गेंदबाजी : स्टार्क 10-0-43-2, हेजलवुड 7-1-36-0, कमिंस 7-0-32-2, मैक्सवेल 9.3-0-36-1, जम्पा 8-1-47-4, स्टोइनिस 2-0-11-0.

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिशेल मार्श रन आउट | 52 | 51 | 9 | 0 |
| डेविड वॉर्नर पगबाधा मधुशंका | 11 | 06 | 0 | 1 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा मधुशंका | 00 | 05 | 0 | 0 |
| लाबुशेन का करुणारत्ने बो मधुशंका | 40 | 60 | 2 | 0 |
| इंग्लिस का तीक्षणा बो वेलालागे | 58 | 59 | 5 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल नाबाद | 31 | 21 | 4 | 2 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 20 | 10 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 35.2 ओवर में 215/5
गेंदबाजी : लाहिरू 4-0-47-0, मधुशंका 9-0-38-3, तीक्षणा 7-0-49-0, वेलालागे 9.2-0-53-1, करुणारत्ने 3-0-15-0, डीसिल्वा 3-0-13-0.


जापान ओपन



# थॉम्पसन ने अलेक्जेंडर को हराकर किया उलटफेर

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 6-4 से हराया

एजेंसी ▶▶| टोक्यो



जॉर्डन थॉम्पसन ने सोमवार को जापान ओपन के शुरुआती दौर में नौवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल खिलाड़ियों पर अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

यह दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरा मुकाबला था। ऑस्ट्रेलिया के 29 साल के इस खिलाड़ी को छह साल पहले ज्वेरेव ने हराया था। थॉम्पसन ने पांच में चार ब्रेक प्वाइंट का बचाव कर ज्वेरेव को शिकस्त दी। उन्होंने मार्च में इंडियन वेल्स में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास को भी हराया था। थॉम्पसन के सामने अगले दौर में शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेलटन या क्वालीफायर टारो डेनियल की चुनौती होगी। अन्य मुकाबलों में आठवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने अलेक्जेंडर वुकिच को 7-6, 6-7, 6-2 से हराया, जबकि मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने मैक्स परसेल को 7-5, 6-4 से और सेबेस्टियन ऑफनर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-7, 7-6, 7-5 से शिकस्त दी।

## ओलंपिक पदक के लिए तैयारी में बदलाव बेहद जरूरी : साबले



*नई दिल्ली। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना आसान नहीं, लेकिन असंभव भी नहीं है। इसके लिए रणनीति में बदलाव करना होगा और अभ्यास का बेस अमेरिका की बजाय मोरक्को या यूरोप में कहीं रखना होगा। साबले ने हांगझोउ एशियाई खेलों में स्टीपलचेस में स्वर्ण और 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। महाराष्ट्र के बीड जिले के मांडवा के रहने वाले 29 वर्ष के इस खिलाड़ी का लक्ष्य ओलंपिक में भालाफेंक (फील्ड) में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण के बाद स्टीपलचेस (ट्रैक) में भारत को पहला पदक दिलाना है। उन्होंने कहा, 'पिछले चार पांच साल में मैने प्रदर्शन में जो सुधार किया है, उससे ओलंपिक में स्टीपलचेस में पदक की उम्मीद जगी है। इसके लिए ट्रेनिंग की योजना में बदलाव की जरूरत है। अब सिर्फ टाइमिंग पर फोकस नहीं रखना है। रेस जीतने के लिए रणनीति बनानी पड़ेगी।'*

**खबर संक्षेप**



### चोटिल प्रणय डेनमार्क और फ्रेंच ओपन से हटे

**ओडेन्से।** एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चोटिल होने के कारण डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट और फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया। इस 31 साल के खिलाड़ी ने एशियाई खेलों के पुरुष एकल बैडमिंटन में भारत के लिए पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। वह अगले दो से तीन सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे। प्रणय ने कहा, 'मैं इस महीने किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं लूंगा। मैने एमआरआई करवाया है उसमें भी चोट की पुष्टि हुई है। ऐसे में मुझे दो-तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहना होगा।'

### इंग्लैंड को अब करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हाथों विश्व कप में अप्रत्याशित हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस



बटलर ने कहा कि उन्हें अब अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। अफगानिस्तान ने यहां रविवार को इंग्लैंड को 69 रन से हराया। अभी इंग्लैंड को भारत, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों का सामना करना है। बटलर ने कहा, 'मैने पहले भी कहा है कि हम इस तरह से शुरुआत नहीं करना चाहते थे। लेकिन अब हम इन हालात में हैं तो आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

### पुरस्कार राशि बढ़ाने का आग्रह

**शिमला।** भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश सरकार से एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों



की पुरस्कार राशि बढ़ाने का आग्रह किया। नेगी ने कहा, 'हमारी 12 सदस्यों की टीम है जिसने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा और महाराष्ट्र सरकार स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड रुपए की पुरस्कार राशि दे रही है जबकि राजस्थान सरकार एक करोड रुपए की पुरस्कार राशि दे रही है। हिमाचल सरकार को भी पुरस्कार राशि 15 लाख रुपए से अधिक करनी चाहिए।'

# ओलंपिक में शामिल होने से क्रिकेट का होगा वैश्विक प्रभाव



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

करीब ढाई अरब से अधिक प्रशंसक और दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ता टीवी राजस्व। आंकड़ों की दृष्टि से क्रिकेट भले ही फुटबॉल के बाद सबसे लोकप्रिय वैश्विक खेल लगता हो लेकिन सही मायने में इसका विस्तार राष्ट्रमंडल देशों तक ही हो पाया है। इसमें भी भारत क्रिकेट की धुरी रहा है। अब 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में टी20 क्रिकेट की वापसी से खेल और व्यवसाय दोनों लिहाज से फायदा नजर आ रहा है। ओलंपिक क्रिकेटरों को ऐसा मंच देगा जो शायद विश्व कप से भी बड़ा होगा।

ओलंपिक पदक गले में पहने पोडियम पर खड़े होकर राष्ट्रगान सुनने पर जो गौरव अनुभव होता है, उससे क्रिकेटर अभी तक वंचित रहे हैं। कैरेबियाई राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ के अध्यक्ष कीथ जोसेफ ने कहा, 'ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाना शानदार खबर है। इससे क्रिकेट की वैश्विक छवि बनेगी। टी20 युवा दर्शको को लुभाता भी है। अमेरिका 2024 में टी20 विश्व कप का सह मेजबान है जो ओलंपिक से पहले खेल की लोकप्रियता बढाने में मददगार होगा।'

### 87 देशों में क्रिकेट लोकप्रिय

वैसे यह सोचना गलत है कि महज ओलंपिक में शामिल होने से क्रिकेट फुटबॉल की तरह लोकप्रिय हो जाएगा। आईसीसी महिला और पुरुष टी20 रैंकिंग में क्रमशः 66 और 87 देश हैं जबकि फीफा पुरुष टीम रैंकिंग में 207 और महिला वर्ग में 186 देश हैं। वैसे टी20 प्रारूप अफ्रीका, यूरोप और लातिन अमेरिका तक पहुंच गया है।




### प्रसारण बाजार ने निभाई अहम भूमिका

*अरबों डॉलर के प्रसारण बाजार, खेल के सबसे शक्तिशाली बोर्ड के सकारात्मक रवैए और वैश्विक संस्था की शानदार प्रस्तुति ने क्रिकेट को लॉस एंजेलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल करने में अहम भूमिका निभाई।*

### ओलंपिक का स्थाई सदस्य बने आईसीसी

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद 2028 ओलंपिक के कार्यक्रम में टी20 क्रिकेट को शामिल करने के बाद ओलंपिक आंदोलन का स्थायी सदस्य बनने पर विचार कर रही है। आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने सोमवार को यह बात कही। बार्कले ने कहा कि 2028 एलए ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना केवल एक शुरुआत होगी, उम्मीद है कि यह खेल भविष्य के खेलों का हिस्सा बना रहेगा।

# ग्रैंडस्लैम और ओलंपिक क्वालीफिकेशन लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



*रोहन बोपन्ना जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने को सपना सच होने जैसा करार देते हुए टेनिस खिलाड़ी ऋतुजा भोसले ने कहा कि अब उनकी नजरें ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक पर है।*

*ऋतुजा और बोपन्ना ने हांगझोउ एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा में पीला तमगा जीता। ऋतुजा ने कहा, 'रोहन ने जब मिश्रित युगल मेरे साथ खेलने का फैसला किया तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। आम तौर पर मैं एकल या महिला युगल खेलती हूं लेकिन एशियाई खेलों में तीनों स्पर्धाओं में भाग लिया जो शानदार अनुभव था। अब मेरा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का है चूंकि टेनिस में कोटा व्यवस्था नहीं होती तो खेलों से दो महीने पहले ही पता चलेगा कि कौन खेलेगा। इसके अलावा ग्रैंडस्लैम खेलने के लिए अपनी रैंकिंग भी बेहतर करनी है।'*



## रोनाल्डिन्हो ने कोलकाता पहुंचकर दुर्गा पूजा त्योहार में बिखेरी चमक

*कोलकाता। ब्राजील के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो ने सोमवार को फुटबॉल की दीवानगी के लिए मशहूर इस शहर में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के कुछ पंडालों का उद्घाटन करने के साथ बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। दुर्गा पूजा के पंडालों का उद्घाटन आम तौर पर त्योहार के छठे दिन होता है लेकिन दो दिन के दौरे पर यहां आए रोनाल्डिन्हो की मौजूदगी में यह काम दूसरे दिन ही हो गया। रोनाल्डिन्हो इस दौरान जहां भी गए वहां प्रशंसकों ने बार्सिलोना और एसी मिलान के इस स्टार खिलाड़ी का स्वागत 'रोनाल्डिन्हो-रोनाल्डिन्हो, ब्राजील-ब्राजील' के नारों से किया। इस 43 साल के पूर्व खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा 'आप सब का बहुत शुक्रिया, बहुत सारा प्यार।' उन्होंने दिन की शुरुआत 'आर10 अकादमी के उद्घाटन से करने के बाद*



*डिजनीलैंड पर आधारित एक पंडाल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल का निरीक्षण किया और उत्सुकता के साथ दुर्गा पूजा के बारे में जानकारी ली।*

## पहले दो मैचों में धमाकेदार प्रदर्शन से जीता मैच

# दक्षिण अफ्रीका के सामने नीदरलैंड की चुनौती कमजोर

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

विश्व कप में अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी। पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह 'चोकर्स ' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आए हैं।

दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की। इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया को हराया। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरुप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है।



### फार्म में बल्लेबाज

विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है। तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाए जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की। डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता।

### नीदरलैंड कर चुका उलटफेर

नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड को लॉर्डस पर हराकर उलटफेर किया था। स्कॉट एडवडर्स की अगुवाई वाली टीम उस जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी लेकिन टी20 और वनडे क्रिकेट में जमीन आसमान का अंतर है। वैसे क्रिकेट में चमत्कार होते हैं और दिल्ली में रविवार को अफगानिस्तान ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को हराकर इसकी बानगी दी।

## 'पूरी कहानी 20 या 30 सेकंड...' मोहम्मद रिजवान के वायरल वीडियो पर आकाश चोपड़ा का बयान

अहमदाबाद में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 8वीं बार शिकस्त दी। इस मुकाबले को लेकर सोशल मीडिया पर चचाएं अभी तक रुकी नहीं है। जिसमें खास तौर पर पाकिस्तानी खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान को आउट हो कर पवेलियन जाते एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फैंस रिजवान के आउट होने के बाद जय श्री राम के नारे लगा रहे हैं। वही अब इस वीडियो पर पूर्व क्रिकेट आकाश चोपड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, आकाश चोपड़ा से इस वीडियो के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, अगर आपके साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है, अगर आपको परेशानी है। हालांकि, किसी ने कुछ नहीं कहा है कि सिर्फ मिकी आर्थर ने ही कहा है। मैंने किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी को बोलते हुए नहीं सुना है, लेकिन अगर उनमें से कोई भी बोलता है तो आपको थोड़ा ध्यान देने की जरूरत हो सकती है कि सिर्फ एक ही आदमी के साथ क्यों हुआ और दूसरों के साथ क्यों नहीं? आकाश चोपड़ा ने ये भी कहा कि पूरी कहानी 20 या 30 सेकंड के वीडियो क्लिप में नहीं है। भारत एक समावेशी देश है और हम हर किसी के साथ प्यार से पेश आते हैं और काफी लोग इसके गवाह भी होंगे। अगर किसी के पास कोई एजेंडा है तो वे इसे बढ़ावा दे सकते हैं। आकाश चोपड़ा ने आगे कहा कि, क्लिप से जो पता चलता है वह पूरे स्टेडियम की कहानी नहीं हो सकती। ये सच भी नहीं हो सकता। आप जो देखते हैं वह हमेशा पूरा सच नहीं होता है और सोशल मीडिया पर आधे से ज्यादा बार ये सच नहीं होता है। अगर आप एक या दो क्लप देखते हैं और आपको लगता है कि हर किसी के साथ ऐसा ही हुआ है, जो जरूरी नहीं है कि वह सच हो।

## 'बिग बॉस 17' कंटेस्टेंट के तौर पर रिंकू धवन की एंट्री



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस रिंकू धवन ने सुपरस्टार सलमान खान के कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में एंट्री की है। शो में उनका गेम प्लान क्या होगा, इसके बारे में एक्ट्रेस ने खुलासा किया। रिंकू, जो लगभग 25 सालों से इंडस्ट्री में हैं, खुश हैं कि उन्होंने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, इस समय बिग बॉस के घर में जाना मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह काफी अच्छा और स्मूथ लगता है। ऐसा लगता है जैसे अब मुझे इस घर में रहना ही चाहिए! जब मुझे ऑफर मिला और मैं मीटिंग के लिए गयी, तो मैंने वास्तव में इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा था। लेकिन उसके बाद जब मैंने इस पर थोड़ा विचार किया तो ऐसा लगा कि शायद मैं इस सफर के लिए तमाम उतार-चढाव के साथ तैयार हूं। ऐसा महसूस हुआ कि मैं खुद को एक्सप्रेस करने के लिए तैयार हूं। अब तक, मैंने अलग-अलग रोल्स निभाए हैं, लेकिन अब ऐसा लगता है कि मैं वहां जाने और दर्शकों के सामने खुद को एक्सप्रेस करने के लिए तैयार हूं, इससे उन्हें रिंकू धवन के बारे में पता चल जाएगा! घर के अंदर सरवाइव करने के मंत्र के बारे में पूछे जाने पर, रिंकू ने कहाः मेरा मंत्र है जितना हो सके ईमानदारी से खेलना और अपनी क्षमताओं के भीतर अपना बेस्ट देना। यह एक गेम है, यह एक कॉन्टेक्स्ट है, और हर कोई जीतने के लिए आया है। मैं भी जीतने आयी हूं, और मैं अपने गोल पर फोकस करूंगी।

## 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी' रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** नवरात्रि के पावन अवसर पर अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी' रिलीज हो गया है। इस गाने को कल्लू ने शिवानी सिंह के साथ मिलकर गाया है। गाना 'प्यारा



सजा है तेरा द्वार भवानी' टी - सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। टी - सीरिज हमार भोजपुरी के प्रोजेक्ट मैनेजर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी' एक बेहद श्रद्धापूर्ण गाना है। लोगों को यह गाना खूब पसंद आ रहा है।

## छोटू छलिया का गाना शेरावाली आजा रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** गायक सिंगर छोटू छलिया का नवरात्र स्पेशल गाना शेरावाली आजा रिलीज हो गया है। शेरावाली आजा



गाने के जरिए छोटू छलिया आदिशक्ति देवी शेरावाली को बुलाते नजर आ रहे है। गाना टी सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। छोटू छलिया ने बताया कि संगीत मेरे रंगों में बसता है और मां के चरणों में मेरा यह भक्तिमय गीत समर्पित है। इसे लोगों का खूब प्यार और आशीर्वाद मिले।आप सभी इस गाने को खूब लार दुलार दें और इसे हिट कराएं। बाकी मां अंबे की कृपा है।

## 'अपने 2' की स्क्रिप्ट पर काम जारी हम फिर साथ नजर आएंगे बॉबी देओल

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल का कहना है कि'अपने 2'की स्क्रिप्ट पर काम जारी है और वह इस फिल्म में अपने पिता धर्मेन्द्र और भाई सनी देओल के साथ नजर आयेंगे। वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म अपने में धर्मेन्द्र, सनी देओल और बॉबी देओल की मुख्य भूमिका है। पिछले कुछ दिनों से अपने 2 को लेकर चर्चा हो रही है जिसमें धर्मेंद्र के पोते करण देओल भी नजर आने की चर्चा है। बॉबी देओल ने अपने 2 को लेकर बयान दिया है। बॉबी देओल ने कहा,हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे है कि अपने 2 बने और उस तरह की फिल्मों को हम ज्यादा से ज्यादा काम करे। फिलहाल, अपने 2 की स्क्रिप्ट्स पर काम जारी है, जब भी स्क्रिप्ट अच्छी बनेगी तो हम सब फिर साथ नजर आयेंगे।



## कई कारणों से आता है रात में पसीना

**एडिलेड (द कन्वरसेशन)।** आपने अभी वर्कआउट खत्म किया है, इसलिए आपका शरीर गर्म हैं और पसीने से भीग गए हैं - लेकिन जल्द ही आपको फिर से ठंडक महसूस होने लगती है। बाद में, यह तेज़ गर्मी की शाम है और आपको सोना मुश्किल हो रहा है, इसलिए आप पर्दा हटा देते हैं। पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। रात में पसीना आना रात में अत्यधिक या तीव्र पसीने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। वे कई लोगों के लिए जीवन का एक अप्रिय हिस्सा हैं। कई स्थितियाँ और कारक शरीर के कड़ाई से नियंत्रित तापमान निर्धारित बिंदु को बदलकर रात में पसीना आने का कारण बन सकते हैं, जिस पर शरीर अपने मुख्य तापमान को बनाए रखने का प्रयास करता है। कुछ ट्रिगर हानिरहित हैं (एक गर्म शयनकक्ष) या जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव (व्यायाम) से भी संबंधित हैं। अन्य में रजोनिवृत्ति, संक्रमण, बीमारी या दवा जैसे अंतर्निहित कारण होते हैं।

### तापमान नियंत्रण और पसीना

मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे।



### डॉक्टर को कब दिखाना चाहिए

- **पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।**
- **लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। रात में पसीना आना रात में अत्यधिक या तीव्र पसीने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। वे कई लोगों के लिए जीवन का एक अप्रिय हिस्सा हैं।**
- **कुछ ट्रिगर हानिरहित हैं (एक गर्म शयनकक्ष) या जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव (व्यायाम) से भी संबंधित हैं। अन्य में रजोनिवृत्ति, संक्रमण, बीमारी या दवा जैसे अंतर्निहित कारण होते हैं।**
- **कुछ ट्रिगर हानिरहित हैं (एक गर्म शयनकक्ष) या जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव (व्यायाम) से भी संबंधित हैं।**
- **कुछ ट्रिगर हानिरहित हैं (एक गर्म शयनकक्ष) या जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव (व्यायाम) से भी संबंधित हैं। अन्य में रजोनिवृत्ति, संक्रमण, बीमारी या दवा जैसे अंतर्निहित कारण होते हैं।**
- **उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं।**
- **80 प्रतिशत महिलाओं को रजोनिवृत्ति के बाद (जब 12 महीने तक मासिक धर्म बंद हो जाता है) और पेरिमेनोपॉज (इसके पहले का समय) के दौरान अचानक गर्मी लगने या रात में पसीना आने का अनुभव होता है।**

### हार्मोन और रात को पसीना

उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। लगभग 80 प्रतिशत महिलाओं को रजोनिवृत्ति के बाद (जब 12 महीने तक मासिक धर्म बंद हो जाता है) और पेरिमेनोपॉज (इसके पहले का समय) के दौरान अचानक गर्मी लगने या रात में पसीना आने का अनुभव होता है।

### संक्रमण, रोग और दवाएँ

संक्रमण से लड़ते समय अक्सर हमारे शरीर का तापमान बढ़ जाता है। यह पसीने को शरीर को ठंडा करने और शरीर के तापमान को कम करने के लिए उत्तेजित कर सकता है। हालाँकि, रात में पसीना आना शायद ही एकमात्र लक्षण होता है। चयनात्मक



सेरोटोनिन रीपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई), कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स, थायराइड हार्मोन रिप्लेसमेंट और मेथाडोन जैसी दवाएं रात में पसीने का कारण बन सकती हैं। ये दवाएं मस्तिष्क के उन हिस्सों और न्यूरोट्रांसमीटरों को प्रभावित करती हैं जो पसीने को नियंत्रित और उत्तेजित करते हैं।

## सम्मान के लिए नगरवधुओं के आंगन की माटी से बनती है दुर्गा प्रतिमा

**प्रयागराज (वार्ता)।** शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा पंडालों में प्रतिष्ठित होने वाली महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा में नगरवधुओं के आंगन की माटी के महत्व के पीछे सामाजिक तिरस्कार को एक प्रकार से सम्मान प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास है। प्रयागराज जीटीवी नगर दुर्गा पूजा समिति (करेली) के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता ने बताया कि हिंदू संस्कृति में कसब (वेश्यावृत्ति) को भले ही गलत और समाज में देह व्यापार करने वाली महिला को घृणा एवं तिरस्कार की नजर से देखा जाता हो, लेकिन नवरात्र के इस पवित्र



नगरवधू के आंगन की माटी से देवी की प्रतिमा बनना इस बात का संदेश है कि समस्त नारी, चाहे वह एक वेश्या ही क्यों न हो, मातृत्व शक्ति का उद्बोधन करती है। वह 'सर्वभूतेषु' है । श्री दत्ता ने बताया कि नगरवधू अपनी पूरी जिंदगी तिरस्कार झेलती है। उसके दर्द को मां दुर्गा महसूस करती है, इसी कारण प्रतिमा में कोठे की माटी का उपयोग कर उनको सम्मान प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। वहीं, कई लोग इस परंपरा को समाज में सुधार और बदलाव की दृष्टि से देखते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का एक जरिया भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक,धार्मिक और त्योहार में 'कोठे' के आंगन की माटी के बिना मां दुर्गा की प्रतिमा अधूरी मानी जाती है। इस के लिए अलग-अलग तमाम मान्यताएं और कहानियां प्रचलित हैं।

मान्यता अनुसार जब तक नगरवधू के आंगन की माटी नहीं मिलती है तब तक दुर्गा प्रतिमा का आरंभ अधूरा माना जाता है, इसीलिए मां पूजा भी स्वीकार नहीं करती हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के लिए ऐसे-सभी स्थानों की माटी मिलाई जाती है, खासकर सामाजिक और कई महात्म्य है। यह पूजा नारी शक्ति, के प्रति समान आदर-सम्मान और प्रेम को दर्शाता है। भारतीय महाकाव्यों और पुराणों के विशेषज्ञों का मानना है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी की प्रतिमा की स्थापना पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है, जो जगत में सामाजिक सुधारों का पताका लिए किसी मिशन के मानिंद नजर आती है। नामचीन पत्रकार अमिताभ भट्टाचार्य ने बताया कि भारतीय संस्कृति के पर्व-त्योहार और परंपराओं में अनेक संदेश छिपे होते हैं। इसी क्रम में निर्मित होने से पहले दुर्गा प्रतिमा में लगनी वाली माटी से तिरस्कृत नगरवधुओं को सम्मान दिलाने के लिए तृण प्रयास भी एक संदेश है।

## 75 वर्ष की हुईं हेमा मालिनी

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी आज 75 वर्ष की हो गईं। 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के आमानकुंडी में जन्मीं हेमा मालिनी की मां जया चक्रवर्ती फिल्म निर्माता थीं। हेमा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चेन्नई से पूरी की। वर्ष 1961 में हेमा मालिनी को एक लघु नाटक पांडव वनवासम में बतौर नर्तकी काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1968 में हेमा मालिनी को सर्वप्रथम राजकपूर के साथ सपनों का सौदागर में काम करने का मौका मिला। फिल्म के प्रचार के दौरान हेमा मालिनी को ड्रीम गर्ल के रूप में प्रचारित किया गया। बदकिस्मती से फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन अभिनेत्री के रूप में हेमा मालिनी को दर्शकों ने पसंद किया गया।



हेमा मालिनी को पहली सफलता वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म जॉनी मेरा नाम से मिली। इसमें उनके साथ अभिनेता देवानंद मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में हेमा और देवानंद की जोड़ी को दर्शकों ने सिर आंखों पर लिया और फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद रमेश सिप्पी की वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म अंदाज में भी हेमा मालिनी ने अपने अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 1972 में हेमा मालिनी को रमेश सिप्पी की ही फिल्म सीता और गीता में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने कैरियर के लिये मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म की सफलता के बाद वह शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंचीं। उन्हें इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। हेमा मालिनी ने जब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा ही था तब एक तमिल निर्देशक श्रीधर ने उन्हें अपनी फिल्म में काम देने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उनमें स्टार अपील नहीं है। बाद में सत्तर के दशक में इसी निर्माता.निर्देशक ने उनकी लोकप्रियता को भुनाने के लिए उन्हें लेकर 1973 में ..गहरी चाल.. फिल्म का निर्माण किया।

## 'कुछ कुछ होता है' के 25 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई (भाषा)** फिल्मकार करण जौहर ने अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'कुछ कुछ होता है' के 25 साल पूरे होने पर एक फिल्म निर्माता के तौर पर उन्हें मिले प्यार और सम्मान के लिए दर्शकों का सोमवार को शुक्रिया अदा किया।

फिल्म 'कुछ कुछ होता है' 16 अक्टूबर 1998 को रिलीज हुई थी। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी द्वारा अभिनित इस फिल्म की कहानी दोस्ती और प्रेम पर आधारित थी। 'प्यार दोस्ती है', .''कुछ कुछ होता है राहुल, तुम नहीं समझोगे'



और 'तुस्सी जा रहे हो?' जैसे इसके संवाद आज भी दर्शकों के बीच मशहूर हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने खाते पर फिल्म 'कुछ कुछ होता है' के यादगार पलों से जुड़ी एक वीडियो साझा की। उन्होंने लिखा, ' 25 साल पहले यह सफर शुरू हुआ...और आज हम यहां हैं। केवल एक फिल्म का जश्न नहीं बना रहा, मेरे लिए यह एक जज़्बात है और जो भी प्यार हमें आपसे मिला है...' उन्होंने कहा, ' प्यार और दोस्ती की इस कहानी को आज तक अंतहीन प्यार देने के लिए शुक्रिया और एक फिल्म निर्माता के तौर पर मेरे 25 साल के सफर को बेहतरीन बनाने के लिए धन्यवाद।'

## 'स्टारफिश' में काम करना चुनौतीपूर्ण रहा : खुशाली कुमार



मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री खुशाली कुमार ने अपने रोमांचक नए प्रोजेक्ट 'स्टारफिश' की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने इस किरदार को शारीरिक और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण बताया। यह फिल्म अखिलेश जयसवाल द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और ऑलमाइटी मोशन पिक्चर द्वारा निर्मित है। इसमें मिलिंद सोमन, एहान भट्ट और तुषार खन्ना के साथ खुशाली मुख्य भूमिका में हैं। खुशाली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग के आखिरी दिन के पर्दे के पीछे की झलकियां साझा कीं, जिससे प्रशंसक उत्सुकता से भर गए। तस्वीरों की श्रृंखला में वह मिलिंद के साथ पोज देती हुई और एक केक काटते हुए वीडियो में दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट को कैप्शन दिया, एक और फिल्म स्टारफिश खत्म होने वाली है। एक अद्‌भुत और रोमांचकारी कहानी में कितना सुंदर गोता लगाया गया है। बेहतरीन कलाकार जिसमें मिलिंद सोमन, एहान भट, तुषार खन्ना और निखत ने अभिनय किया है। मैं ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से अलग होने पर थोड़ा दुखी हूं लेकिन रिलीज के लिए उत्साहित हूं। यह 24 नवम्बर को रिलीज हो रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए खुशाली ने कहा, यह एक पानी के नीचे की दुनिया है, यह एक रोमांचक नाटक है। मैं बस इतना कह सकती हूं कि यह मेरे लिए मेरे अन्य फिल्मी किरदारों की तुलना में बहुत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि इसने मुझे विशेष रूप से शारीरिक और भावनात्मक रूप से चुनौती दी थी।

# 26 अक्टूबर को प्रस्तावित किसान महापंचायत को लेकर हुई बैठक

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई के द्वारा बाडू बीर बाबा मन्दिर कजाकपुर अहरौरा मिजार्पुर में किसानो की आकस्मिक बैठक हरगेन सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन डा पंचम सिंह जिला सचिव ने किया, बैठक मे किसानों ने 26/10/2023 दिन गुरुवार को वनस्थली महाविद्यालय के पास अहरौरा टोल प्लाजा के निकट किसान महापंचायत किया जाएगा जिसके सन्दर्भ में

किसानों की बैठक हुई, मांगे निम्नवत हैं=



1. यूपी स्टेट हाईवे अथॉरिटी के नियमों के अनुसार 50 किलोमीटर दूर पर ही टोल प्लाजा स्थापित किया जा सकता है पहले से ही वाराणसी शक्ति नगर मार्ग रल्5अपर फतेहपुर टोल प्लाजा स्थापित है महज 16 किलोमीटर दूर पर ही टोल स्थापित किया जा चुका है जो नियम के विरुद्ध हैं क्योंकि सड़क निर्माण के समय डीपीआर में वनस्थली महाविद्यालय अहरौरा के पास कोई टोल प्लाजा का जिक्र नहीं था, इस टोल को हटाया जाए।

2. फत्तेपुर टोल प्लाजा पर एक माह की रिचार्ज की व्यवस्था हैं, माह के प्रथम तारीख से 30तारीख का रिचार्च करने का प्राविधान कर दिया गया हैं। अगर कोई व्यक्ति 25 या 28 तारीख को रिचार्ज कराता है तो उनको माह का शेष 5 व 2 दिन ही दिया जाता है ।जो कि सरासर गलत है,जबकि 30 दिन प्रयोग करने के बाद ही रिचार्ज की वैधता समाप्त होनी चाहिए या जिस तारीख को रिचार्ज हो उसी तारीख को अगले माह में समाप्त होना चाहिए।

3. एक बार टोल शुल्क देने के बाद 12 घंटा तक यात्री वापस आता है तो वही रसीद नियमतः वैधता की श्रेणी में आती है लेकिन टोल प्लाजा पर घण्टे भर बाद ही वापस आने पर पुनः शुल्क लिया जाता है ,जो सरासर गलत है।

4. किसान महापंचायत में 4 सितंबर 2023 को घरवाह विद्युत उप केंद्र पर उप जिलाधिकारी महोदय व अधिशासी अभियंता विद्युत खण्ड चुनार व किसानों के बीच में लिखित समझौता हुआ था कि 20 सितंबर 2023 तक 10 MBA का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा, व जर्जर तार को बदल दिया जाएगा व 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी जो अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है अविलब्म पूरा किया जाय।

5 जनपद में जल जीवन मिशन के लिए जनपद के सभी बांधों से पानी लिया जा रहा है सोन लिफ्ट परियोजना को चलाकर डोंगिया जलाशय और अहरौरा जलाशय को भरा जाए, चुनार डगमगपुर के बीच में पंप कैनाल लगाकर जरगो जलाशय को भरा जाए।

6.जनपद के किसानों को शासनादेश के मुताबिक 18 घण्टे बिजली दिया जाए।

7. जनपद को सुखाग्रस्त घोषित किया जाय सभी प्रकार की देय वसूली स्थगित किया जाए। व 2022के खरीफ के फसलबीमा का लाभ दिलाया जाए।

जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्ध नाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह फौजी, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, मण्डल सदस्य मुकुट धारी सिंह, पूर्वांचल सदस्य रामसूरत सिंह, रामसृंगार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह मिडिया प्रभारी, तहसील सचिव पप्पू सिंह, नगर अध्यक्ष अहरौरा रामविलास सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामप्यारे सिंह, जगदीश सिंह, अर्जुन सिंह, राकेश सिंह ,पारसनाथ ,जय हिंद पटेल ,राजेंद्र प्रसाद नंदलाल भारती ,भुनेश्वर सिंह राजेंद्र प्रसाद, प्रेम शंकर , , दुलारे ,संजय कुमार सभासद ,सुखराम कनौजिया, अजय।

## कांग्रेसियों ने अग्निवीर को शहीद का दर्जा न मिलने पर जताया रोष, दिया पत्रक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पंजाब के प्रान्त के अमृतपाल सिंह के मौत के बाद शहीद का दर्जा न देने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने मंगलवार को तहसीलदार पिंडरा को पत्रक सौपा। राज्यपाल को संबोधित पत्रक में अग्नि वीर योजना के तहत भर्ती हुए पंजाब प्रांत के अमृतपाल सिंह ड्यूटी के दौरान माथे में लगी गोली से उनकी मृत्यु हो जाती है। मृत्यु होने पर उनकी पार्थिक शरीर निजी एंबुलेंस द्वारा उनके घर पहुंचा दिया गया। भारतीय सेना ने सलामी तक नहीं दी। अमृतपाल सिंह का शव घर छोड़ने गए लोगों से परिवार के लोगों ने पूछा कि हमारे बेटे को शहीद का दर्जा क्यों नहीं दिया गया तो उनका कहना था कि अग्नि वीर योजना में शहीद का दर्जा नहीं है। कांग्रेस ने सरकार के ऊपर छलावा करने का आरोप लगाते हुए कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की जनता जानना चाहती है कि भारत सरकार ऐसा क्यों कर रही है? शहीद सेना के कांग्रेसियों ने अग्निवीर जवान को शहीद का दर्जा देने और परिवार को दस करोड़ रुपए की आर्थिक राशि देने की मांग की। पत्रक के दौरान पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार,तहसील पिंडरा अध्यक्ष अवधेश पान्डेय, अंजनी मिश्रा एडवोकेट , मुकेश कुमार, सेवालाल, रतन सेठ, विनोद यादव, लक्ष्मी कान्त, राकेश सिंह रिसू, राकेश कनौजिया, गोलू,प्रदीप कुमार वेनवंशी व संदीप मौर्या मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : शैलेन्द्र सिंह

प्रखर जौनपुर। उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज चार के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार की देर शाम प्रतापगंज बाजार में हनुमान मंदिर परिसर में बने दुगार्पूजा पंडाल में महिलाओ को बाल अपराध, साइबर सुरक्षा व अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए जागरूक किया। कहा कि महिला और बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालो को बक्शा नहीं जाएगा, उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। शोहदो को चिन्हित कर थाना स्तर पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। दुगार्पूजा पंडाल में



मौजूद महिलाओ व बेटियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने के लिए मिशन शक्ति योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। यह योजना मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन को समर्पित है। कहा कि किसी भी ब्यक्ति द्वारा परेशान किया जा रहा है तो तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना तुरंत दे। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाता है। पंडाल में मौजूद महिलाओ व बेटियों को जागरूक करने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से मिशन शक्ति, साइबर अपराध व सुरक्षा सम्बन्धित अन्य लघु फिल्मों के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सीओ सदर संत प्रसाद उपाध्याय, थानाध्यक्ष दिब्य प्रकाश सिंह सहित उप निरीक्षक व महिला कांस्टेबल शक्ति दीदी व भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाताओं ने एनडीआरएफ के जवानों को सीपीआर की दी ट्रेनिंग

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व निश्चेतना दिवस के अवसर पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नीलेश श्रीवास्तव ,डॉ शिवपूजन मौर्या की टीम के साथ एनडीआरएफ के जवानों को वहाँ के डी.आई.जी. कमाण्डेन्ट तथा चिकित्सा अधिकारियो की उपस्थिति में (सी०पी०आर०) कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन की ट्रेनिंग दी गयी` उपरोक्त ट्रेनिंग में डाक्टरों की टीम के द्वारा अचानक बेहोश हुये व्यक्ति, डूबे हुए व्यक्ति एवं श्वांस नली मे कुछ अटक जाने के बाद मरीज को किस तरह बचाया जाता है इस हेतु प्रशिक्षित किया गया यह भी बताया गया कि किस प्रकार से एक प्रशिक्षित



व्यक्ति किसी भी मरीज की जान लगातार छाती पर थपकी ( चेस्ट कम्प्रेशन) बचायी जा सकती है` एन.डी.आर.एफ.के सभी जवानों ने इस प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाई एनडीआरएफ के चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक सिंह एवं डॉ. पंकज गौरव ने पूरे कार्यक्रम संचालन किया तथा कमान्डेन्ट के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम कों समाप्त किया गया।

## सर सैयद डे के अवसर पर फरीदुल हक पीजी कालेज में कार्यक्रम आयोजित

प्रखर शाहगंज। फरीदुल हक मेमोरियल पी.जी.कॉलेज तालीमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में आज महान शिक्षाविद,समाज सुधारक ,इतिहासकार, लेखक,हिन्दु- मुस्लिम एकता के सबसे बड़े पैरोकार,धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर सर सैयद अहमद खान के जन्म दिन के अवसर पर एक संगोष्ठी जिसका शीर्षक "वर्तमान परिदृश्य में सर सैयद अहमद खान के विचारों की प्रासंगिकता "का आयोजन किया गया।उक्त संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा अपने विचारों को हिन्दी, उर्दू तथा अंग्रेजी में पक्ष विपक्ष में तर्कपूर्ण तरीके से रखा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 निजामुद्दीन, श्री सूर्य प्रकाश यादव आदि ने सर सैयद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र/छात्राओ से कहा की उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर ही हम जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तबरेज आलम ने कहा कि सर सैयद अहमद खान के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे।सर सैयद वैज्ञानिक शिक्षा के पक्षधर थे उनका स्पष्ट मत था कि बिना वैज्ञानिक शिक्षा के कोई भी समाज/राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता।आज भी जब हम अपनी शिक्षा व्यवस्था को देखते हैं तो वह विश्व स्तरीय नहीं दिखती।आज भी उस क्षेत्र में बहुत कार्य किये जाने की आवश्यकता है।वैज्ञानिक शिक्षा के साथ साथ सर सैयद आन्दोलन का एक अहम पहलू हिन्दू- मुस्लिम एकता एवं भाई चारे के सम्बन्ध की स्थापना पर था।वर्तमान में यह कमजोर होता हुआ दिखाई पड़ रहा है जो राष्ट्र की प्रगति में बाधक है।कार्यक्रम में आयोजित संभाषण प्रतियोगिता में हिन्दी भाषा में कु0 शाहीन बानो को प्रथम,आसिया अंसारी को द्वितीय तथा फातमा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।उर्दू भाषा में अब्दुर्रहमान को प्रथम,अबु हुजैफा को



द्वितीय तथा फातमा बानो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।अंग्रेजी भाषा में बृंदा सेठ को प्रथम तथा उजाला राव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ0राकेश सिंह,डा0 अनामिका पांडेय,डॉ0अमित कुमार गुप्ता,डॉ0 शिव प्रसाद यादव, श्री ओम प्रकाश चौरसिया,डॉ0 मनोज कुमार सिंह,सुश्री कहकशां खान,श्रीमती गीता यादव,डॉ0 रविन्द्र कुमार यादव,डॉ0 विनय कुमार यादव, पीयूष श्रीवास्तव,डॉ0 पूजा रानी,सुनीता यादव,डॉ0 संजय कुमार यादव,उस्मान अहमद एवं डॉ0 सुनीता यादव आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन उर्दू के वरिष्ठ प्राध्यापक रियाज अहमद ने किया।

## जमीनी विवाद में दिनदहाड़े हुई खूनी संघर्ष, लाइसेंसी रिवाल्वर छीनकर हुई गोलीबारी, थानेदार लाइन हाजिर

प्रखर जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट , लाठी डंडे व गोलियां चली , दिनदहाड़े हुए इस खूनी संघर्ष में एक ही पक्ष के दो लोगो के पैर में गोली लगी है तथा अन्य लोग लाठी डंडे व धारदार हथियार के प्रहार से जख्मी हुए है। हमलावरों ने असलहाधारी की लाइसेंसी रिवाल्वर छीनकर उसे गोली मारी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, इस मामले शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी ने बदलापुर के थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जयनाथ यादव और रामधारी यादव आपस मे चाचा भतीजे है इन दोनों के बीच काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, आज



इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी , दोनों तरफ से लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे आरोप है कि इसी बीच जयनाथ यादव के पुत्र लाल साहब यादव अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया जिसे विपक्षियों ने छीनकर उनके पैर में तीन गोली तथा उनके परिवार के हर्षित यादव के पैर में एक गोली मार दी। जयनाथ यादव, रामचन्द्र यादव और ब्रजेश यादव लाठी डंडे व धारदार के प्रहार से घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ 0 कृष्ण कुमार राय ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसपी डॉ अजयपाल शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, सभी टीम गिरफ्तारी के रवाना कर दी गई है। इस मामले शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी ने बदलापुर के थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया है।

## नवरात्र पर जानें दुर्गा माता की विजयगाथा

प्रखर डेस्क। दुर्गा माता सभी सीमित शक्तियों के पीछे असीमित शक्ति (ऊर्जा) हैं। कुछ लोग उन्हें दुर्गा कहते हैं, कुछ उन्हें चंडी कहते हैं और कुछ उन्हें महालक्ष्मी कहते हैं। वह शक्ति हैं जो ब्रह्मांड में हर चीज को चलाती हैं। देवी की कहानियाँ ऋषि मार्कंडेय द्वारा दुर्गा सप्तशती किताब में बताई गई हैं। सुरथ नामक एक राजा, जिसे उसके अपने लोगों ने उसके राज्य से बाहर निकाल दिया था, जंगल में समाधि नामक एक वैश्य (व्यापारी) से मिला, जिसे उसकी पत्नी और बेटों ने उसके घर से बाहर निकाल दिया था। उन्हें पता चलता है कि यद्यपि उनके अपने लोगों ने उन्हें बाहर निकाल दिया है, फिर भी वे दोनों अपने लोगों के कल्याण के बारे में चिंतित हैं। उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि यह अप्राकृतिक है इसलिए वे ऋषि के पास पहुंचे जो जंगल में ही रहते थे। ऋषि उन्हें बताते हैं कि यह सब महान देवी द्वारा बनाया गया भ्रम है। वे उत्सुक हो गए और देवी के बारे में जानना चाहा। वह उन्हें देवी महात्म्य की कहानी सुनाते हैं, जिसमें तीन कहानियाँ शामिल हैं जिनमें देवी माँ देवताओं के शत्रुओं का संहार करती हैं। पहली कहानी मधु और कैटभ की है। वे सोते समय



भगवान विष्णु के कान के मैल से जन्म लेते हैं और भगवान विष्णु के पेट से निकले कमल पर बैठे भगवान ब्रह्मा को परेशान करना शुरू कर देते हैं। भगवान ब्रह्मा ने देवी से प्रार्थना की कि वह उन्हें सृजन के कार्य को जारी रखने में मदद करें। देवी प्रकट होती हैं और विष्णु माया का रूप धारण करती हैं और हजारों वर्षों तक उनके साथ कुश्ती करने के बाद दोनों असुरों को मार देती हैं। चूंकि ये दोनों असुर तामसिक मूल के थे, इसलिए उनका भी तामसिक रूप था। दूसरी कहानी में देवी माँ ने महिषासुर का वध करके देवताओं की मदद की। भैंसे के रूप वाले इस असुर ने देवताओं और इंद्र को उनके घरों से निकाल दिया। अपनी शिकायतों के निवारण के लिए देवता बहुत क्रोधित हो गए और उनमें निहित देवी की शक्ति बाहर आ गई। सभी देवताओं की शक्तियां एक साथ जुड़ गईं। यह देवी विभिन्न देवताओं की शक्तियों से और भी मजबूत हो गई थीं। वह सभी देवताओं द्वारा हथियारों से सुसज्जित थीं। इस देवी ने मुख्य रूप से क्रोध उत्पन्न करने वाली शक्ति से युक्त होकर महिषासुर का वध किया। तीसरी कहानी में महान असुर भाइयों शुंभ और निशुंभ को देवी ने मार डाला था। देवता देवी के पास पहुंचे जो हिमालय पर्वत पर घूम रही थीं और उन्हें अपने कष्टों के बारे में बताया। देवी के शरीर से कौशिकी या चंडिका निकलीं। उन्होंने विभिन्न देवताओं द्वारा उत्पन्न शक्तियों के साथ शुंभ और निशुंभ को मार डाला। ऋषि मार्कंडेय फिर बताते हैं कि राजा सुरथ और वैश्य समाधि ने देवी की तपस्या की और उन्हें मनचाहा वरदान मिला। बारहवें अध्याय में देवी बताती हैं कि जो उनकी इन तीन कहानियों को बार-बार पढ़ता या सुनता है, उसके लिए मोक्ष सहित कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं है।

**आर्टिकल, डॉ. मोनिका रघुवंशी,बीकानेर,राजस्थान**

## संजय गुप्ता के नेतृत्व में बीइओ से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ काशी विद्यापीठ का एक प्रतिनिधिमंडल ब्लाक संयोजक डॉ संजय गुप्ता के नेतृत्व में काशी विद्यापीठ की खण्ड शिक्षाधिकारी श्रीमती रमा पाण्डेय से अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण के बाद ब्लाक में नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन पत्रावली को लेखा कार्यालय भेजने एवं अन्य शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए मुलाकात एवं वार्ता किया।

वार्ता के दौरान ब्लाक संयोजक डा० संजय गुप्ता ने खण्ड शिक्षाधिकारी को बताया के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण से आए ये शिक्षक पिछले चार महीने से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं जिससे इनके एवं इनके परिवार के जीवन यापन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बीएसए वाराणसी ने इनके वेतन भुगतान के लिए आदेश कर दिया परंतु ब्लाकों से इनकी पत्रावलियां अभी तक लेखा कार्यालय नहीं पहुंची है, जिससे इनके वेतन भुगतान की कार्यवाही शुरू नहीं हुई है जिसे शीघ्र भेजा जाय। खंड शिक्षाधिकारी ने इन सभी शिक्षकों की पत्रावलियां जल्द से जल्द लेखा कार्यालय में भेजने का प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी महोदया ने सभी शिक्षकों एवम् शिक्षिकाओं को आश्वासन दिया कि उनका कार्य पारदर्शी, निष्पक्ष और तेजी से होगा परंतु उनको अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का भी निर्वहन शत-प्रतिशत करना होगा और ब्लॉक को नंबर एक बनाना होगा। खंड शिक्षाधिकारी से मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष डा. रमा रूखैयार, उपाध्यक्ष श्रीमती रितु ओबेराय, ब्लाक सह संयोजक विनोद पटेल,करुणा मौर्य,प्रियंका,राम प्रकाश सिंह,दीपक गुप्ता,श्वेता श्रीवास्तव ,रंजना राय,नीलम भारती , प्रिया जायसवाल, वंदना, प्रतिमा राय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बीसी का भुगतान न करने पर मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बीसी चलाने के नाम पर किश्त जमा करने के बावजूद भी तय रकम का भुगतान न करने पर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया। पुलिस को दिए तहरीर में रतनपुर निवासी संजय मिश्रा ने आरोप लगाया कि खालिसपुर निवासी जितेंद्र मिश्रा ने एक लाख 25 हजार रुपये का बीसी चलाया। जिसे 18 किश्त में देना था और वापसी एक लाख 99 हजार रुपए मिलना था। जुलाई 21 से दिसंबर 2022 तक 17 किश्त के रूप में भुगतान किया। भुगतान देने के बाद जब वापसी देने की बात आई तो आनाकानी करने लगे। थाने पर अगस्त तक भुगतान करने की बात कही। लेकिन रुपये मांगने पर अब मारपीट व गाली गलौज देने लगे । पुलिस ने तहरीर पर जितेंद्र मिश्रा के खिलाफ 323, 504, 506 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### राष्ट्रीय हिन्दू दल अध्यक्ष रोशन पाण्डेय ने बेंजामिन नेतन्याहू को पत्र लिखकर लड़ाई में शामिल करने की किया मांग

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन की ओर से इजरायली दुतावास को एक पत्र भेजा गया जिसमें यह मांग कि गई कि संगठन को भी इस्लामिक जिहादियों के विरुद्ध लड़ाई में शामिल किया जाएं। यह पत्र राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन के अध्यक्ष रोशन पाण्डेय ने बेंजामिन नेतन्याहू को लिखा है जिसे इजरायली दुतावास को डाक एवं मेल के द्वारा भेजा गया। रोशन पाण्डेय ने कहा कि आज जिस प्रकार इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर जबरन यह युद्ध थोपा गया है जो कि एक अंतहीन युद्ध है। पूरी दुनिया में इस्लामिक आतंकवाद चरम पर है। ऐसे में हम सभी सनातनी हिन्दू एवं राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन के कार्यकर्ता इजरायल के यहुदियों के साथ है। हम चाहते हैं इजरायल के प्रधानमंत्री हमें भी इस युद्ध में शामिल होने का मौका दें। हम खुद को सौभाग्यशाली समझेंगे। रोशन पाण्डेय ने कहा कि इस्लामिक आतंकवाद नाम के मानवता के खतरें को जल्द से जल्द मिटा दिया जाना चाहिए। हम सदैव इजरायल के साथ खड़े है। यदि मुझे मौका मिलता है तो हम अवश्य इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध लड़ेंगे और यदि लड़ते हुए हम मर भी गए तो भी हम खुद को सौभाग्यशाली समझेंगे।

### अशोक अध्यक्ष व विनोद सोनी का महामंत्री के पद पर मनोनयन : इंदु सिंह


प्रखर जौनपुर। ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के क्रम में पटैला उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष अशोक कुमार निगम एवं महामंत्री विनोद कुमार सोनी को मनोनीत किया है।



प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने मनोनयन के उपरांत निर्देश दिया है की पंद्रह दिनों में कमेटी का पूर्ण रूप से गठन कर के ज़िला इकाई को सूचित करें। ताकि प्रांतीय इकाई को सूचित किया जा सके। उक्त आशय की सूचना ज़िला महामंत्री आरिफ हबीब ने दी है।

### जिम्मेदारों के लापरवाही से अटकी वित्तीय अनियमितता की जांच

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। सहजनवां विकासखंड के ग्राम पंचायत झकही में वित्तीय अनियमितता कि जांच का मामला ग्राम सचिव के लापरवाही से अटका पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड सहजनवां के ग्राम पंचायत झकही में ग्राम पंचायत के कार्यों में अनियमित की शिकायत ग्रामीण रामू



के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। इस संदर्भ उच्च अधिकारियों के द्वारा ग्राम सचिव से ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की पत्रावली बनाकर तीन कार्य दिवस के अन्दर पेश करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी 10 दिन से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी सम्बंधित ग्राम सचिव के लापरवाही के कारण पत्रावली तैयार नहीं हो सकी। जिसके कारण जांच नहीं हो पा रही है। उक्त सन्दर्भ में बात-करने पर ग्राम सचिव कृष्णमोहन यादव ने बताया कि जल्द ही पत्रावली बनाकर दे दिया जायेगा।

### आदित्य सेल्स का उद्घाटन हुआ संपन्न

प्रखर वाराणसी। वाराणसी के सिगरा स्थित रथयात्रा रोड पर आदित्य सेल्स का उद्घाटन कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ। सौरभ श्रीवास्तव ने आदित्य सेल्स के अधिष्ठाता अखिल केसरी को बधाइयां दी एवं कहां कि इस रोड पर यह प्रतिष्ठान खोलकर त्योहार के समय ग्राहकों को एक शानदार तोहफा दिया है एक ही छत के नीचे हर इलेक्ट्रॉनिक सामान ग्राहको को उपलब्ध होंगे अब किसी भी



ग्राहक को कहीं दूर नहीं जाना होगा एक ही छत के नीचे टीवी लैपटॉप मोबाइल फ्रिज कूलर ए सी आदि खरीद सकते हैं प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता अखिल केसरी ने कहा कि ये मेरा सपना था जो आज पुरा हुआ मेरी फर्म आदित्य सेल्स पिछले कई वर्षों से सिर्फ मोबाइल का ही कार्य कर रही थी अब मैं बनारस के सभी ग्राहकों को एक साथ सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध करा रहा हूं। इस उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से डॉ रमेश पांडे अविनाश गुप्ता प्रदीप सोनी केसरी दीप्ति केसरी आदित्य आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं